www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

02 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 342

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

महालया
आज

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

आजादी का बिगुल फूंकने वाले
अमर शहीदों के झारखण्ड में

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

जी का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

2 अक्टूबर, 2024

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 337911 (IPRD) 24-25

सर्राफा

सोना (बिक्री)	71,400 रु./10 ग्राम
चांदी	93,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in

जिसे कोड़ा दंपति ने तराशा, आज उसी से चुनावी लोहा लेना पड़ रहा है

■ लोकप्रियता कम नहीं है, लेकिन पांच सालों में जनता के बीच उनकी उपस्थिति कम रही

■ झामुमो-कांग्रेस की रणनीति को भेदना बड़ा चैलेंज है कोड़ा दंपति के लिए

आजाद सिपाही विशेष | कोल्हान का रण पार्ट-3

चाइबासा की राजनीतिक जमीन और वहां की राजनीतिक संभावनाओं को टटोलने के बाद, आजाद सिपाही की टीम पहुंच गयी जगन्नाथपुर। जगन्नाथपुर जाने के क्रम में कई गांवों में हम रुके। लोगों का मन टटोला। यहां हो जाति के आदिवासी ज्यादा हैं। हो जाति की आदिवासी महिलाओं का पहनावा संथाली महिलाओं से अलग है। इन गावों के भ्रमण के दौरान एक घर की तस्वीर ने मुझे बहुत प्रभावित किया। छोटा खुला मिट्टी का घर। संसाधन भी नगण्य, खाने-पीने का भी अभाव दिखाई पड़ा। वहां तीन छोटे-छोटे बच्चे दिखे। एक बच्ची के हाथों में किताब थी वह पढ़ाई कर रही थी। दो बच्चों के तन पर कपड़े नहीं थे। सिर्फ पैंट पहन रखी थी उन्होंने। किसी ने सच ही कहा है कि जिसे विद्या चाहिए, वह कहीं से भी हासिल कर लेता है। बड़ा ही भावुक दृश्य। हमारी टीम जगन्नाथपुर के करीब पहुंच रही थी। सिरिंगिसिया घाटी के खत्म होते ही एक बाजार दिखा। वहां कई प्रकार के मशरूम ग्रामीण बेच रहे थे। वैराइटीज इतनी कि शहरों में कभी देखी नहीं। करीब 10 प्रकार के मशरूम थे वहां। इसे ग्रामीण छत्तू बोल रहे थे। उसका पूरा वीडियो आप आजाद सिपाही के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। बड़े ही ईमानदार लोग थे। वाजिब दाम और ताजा मशरूम्स। ये मतदाता भी थे। कुछ तीर धनुष वाले थे तो कुछ भाजपा के। इनमें कुछ महतो भी थे। वे भाजपा के वोटर्स थे। जैसे ही हम जगन्नाथपुर पहुंचे, वहां का नजारा ही कुछ और था। शहर पोस्टरों से पटा पड़ा था। लग रहा था कि कोई पोस्टर वॉर छिड़ा हो। कहीं भाजपा की परिवर्तन यात्रा के पोस्टर्स तो कहीं मंईयां सम्मान योजना के पोस्टर्स ,तो कहीं कांग्रेस जेएमएम के झंडे तो कहीं भाजपा के झंडे। शहर में कदम रखते ही पता चल गया कि यहां चुनावी गर्मी ज्यादा है। यहां मधु कोड़ा, गीता कोड़ा के नामों की चर्चा तो हो ही रही थी, सोनाराम सिंकू भी छाये हुए थे। इसलिए नहीं कि वह वहां के विधायक हैं, बल्कि इसलिए कि बनाया तो उन्हें मधु कोड़ा ने ही है। यहां कोड़ा दंपत्ति का मुकाबला उनके खुद की साख से है। उनके द्वारा बनायी गयी खुद की ताकत से है। लोकसभा अगर गीता कोड़ा हारीं, तो उसके पीछे भी कई कहानी है। क्या है जगन्नाथपुर की राजनीतिक तस्वीर और स्थिति बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

जगन्नाथपुर का चौराहा। राजनीतिक दलों के पोस्टर्स और झंडों से भरा हुआ। गाड़ी से उतरा तो यहां काफी संख्या में कांग्रेस और जेएमएम के कार्यकर्ता दिखे। पता चला कि कल्पना सोरेन आ रही हैं। चार बजे सभा होनी है। उसमें करीब चार घंटे का वक्त था। लेकिन जेएमएम कार्यकर्ता चार घंटा पहले से उनके आने की तैयारी में लगे हुए थे। इससे यह आभास हुआ कि जेएमएम कार्यकर्ताओं में कल्पना सोरेन को लेकर कितना उत्साह है। मैंने सोचा कि पहले क्षेत्र घुमा जाये। जनता से बातचीत के क्रम में पता चला कि चौक पर जो दुकानें थीं, उनमें 90 प्रतिशत दुकानें किसी खास वर्ग से थीं। वे खास दल के समर्थक भी थे। वहां पर हमने कुछ-कुछ का मन टटोला। लेकिन सच्चाई से अलग एक-दूसरे के प्रति घृणा का भाव ही ज्यादा दिखा। हम उससे कुछ आगे बढ़े। वह इलाका मुसलिम मतदाता बहुल था। जितने भी मुस्लिम मतदाताओं से मैंने बात की, सभी ने गीता कोड़ा द्वारा क्षेत्र में किये गये कामों की सराहना की। उनका कहना था कि उन्होंने बेहतरीन काम किया है। भले हम लोग मुसलमान हैं और वह भाजपा में चली गयी हैं, लेकिन उनके द्वारा किये गये कामों को नकारा नहीं जा सकता। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बहुत काम किया है। हां उनकी शिकायत यह जरूर थी कि पार्टी बदल कर उन्होंने अच्छा नहीं किया। उनका कहना था कि गीता कोड़ा को भाजपा में नहीं जान चाहिए था। मैंने पूछा अगर काम किया है, तो पार्टी बदलने से क्या फर्क पड़ना चाहिए। उनका कहना था कि नहीं फर्क तो पड़ता ही है। उन्होंने कहा कि आपने देखा नहीं, जब गीता कोड़ा कांग्रेस में थीं और महागठबंधन की उम्मीदवार थीं तो कैसे उन्होंने लोकसभा चुनाव में तहलका मचा दिया, लेकिन वही जब भाजपा में गयीं तो कैसे लोकसभा चुनाव में उनकी हार हो गयी।

उसके बाद हमने प्रसंग बदल दिया। फिर दूसरे लोगों से बात छिड़ गयी कि क्या कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकू को टिकट मिलेगा या फिर यहां जेएमएम उम्मीदवार देगा। उस पर इंडी एलायंस के वोटर्स का कहना था कि सोनाराम सिंकू ने बेहतरीन काम किया है। क्षेत्र में मोटर साइकिल से भी घूम-घूम कर लोगों की मदद करते रहते हैं। सोनाराम सिंकू के बारे में लोगों का कहना है कि वह न दिन देखते हैं न रात, वह अपने क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा खड़े रहते हैं।

लेकिन इस सीट पर एक

अलग ही दावा चल रहा है। जेएमएम समर्थक कहते हैं कि यह सीट जेएमएम को मिलनी चाहिए और मंगल सिंह बोबोंगा को मिलनी चाहिए। क्योंकि मधु कोड़ा को टक्कर यही देते थे। वहीं कांग्रेस वाले सोनाराम सिंकू का पक्ष रखते हैं। लेकिन कई मुस्लिम मतदाता मिले, जिन्होंने कांग्रेस से ज्यादा जेएमएम को तरजीह दी। इससे यह पता चला कि जेएमएम का संगठन कितना मजबूत हो गया है कोल्हान में। वैसे सोनाराम सिंकू के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने विधायकी मधु कोड़ा की बदौलत जीती। लेकिन आज यही सोनाराम सिंकू कोड़ा दंपति के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। वहीं मधु कोड़ा के बारे में लोग कहते हैं कि जिस राजनीतिक पिच पर गीता कोड़ा बैटिंग कर रही हैं, वह मधु कोड़ा द्वारा ही बनायी गयी है। जितनी पकड़ इस क्षेत्र में मधु कोड़ा की है शायद ही किसी की हो। लेकिन लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा की हार ने मधु कोड़ा की राजनीतिक पकड़ पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। तह तक जाने में पता चला कि यहां खेल कुछ और ही चल रहा था। गीता कोड़ा की हार में बहुत बड़ा रोल एक व्यक्ति का था, जिसने मधु कोड़ा को कह दिया कि आपकी छवि से लोगों में नाराजगी है, आप ज्यादा मत घूमिये। मधु कोड़ा इस चाल को समझ नहीं पाये। वहीं दीपक बिरुआ जो चाइबासा से विधायक हैं और अब मंत्री, ने जोबा मांझी के लिए ऐसी रणनीति बना डाली कि कोड़ा दंपति इसे भेद नहीं सका। चुनाव का चेहरा जोबा मांझी जरूर थीं, लेकिन लड़ रहे थे दीपक बिरुआ ही। हर विधानसभा सीट पर हर एक पहलू पर काम किया गया था। यहां तक कि गांव के प्रमुख व्यक्तियों तक पहुंच बनायी गयी थी, जिनकी अहम भूमिका रहती है चुनाव में। बूथ पर तो मानो एक कम्पटीशन लग गया था कि कौन बेहतर काम करे। दीपक बिरुआ ने ऐसी सटीक रणनीति बनायी कि कोड़ा दंपति उसे भांप नहीं सके। इस रणनीति को मधु कोड़ा बिल्कुल भेद लेते, लेकिन लोगों का कहना है कि बीते पांच सालों से कोड़ा दंपति में अलग ही घमंड प्रवास करने लगा था। वे कार्यकर्ताओं और जनता से कट गये थे। उन्हें लगने लगा था कि काम की बदौलत जनता उन्हें वोट दे ही देगी। लेकिन जनता के बीच नजर नहीं आइयेगा, तो जनता भी पहचानने से इंकार कर देगी। जनता बहुत उम्मीद लेकर नेताओं के दरवाजे जाती है। अगर कुछ कर नहीं सकते तो कम से कम हौसला बढ़ाने के लिए मिल तो सकते ही हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व यह सब हुआ नहीं। उन्हें लगने लगा कि वह अब विधायक बनाने की हैसियत में आ चुके हैं। लेकिन जनता भी जनता है, तुरंत उन्हें जमीन दिखा दी।

हालांकि जनता आज भी गीता कोड़ा के पक्ष में है, लेकिन पार्टी बदलने से उनके कुछ वोटर्स नाराज हैं। लेकिन नाराजगी तो अपनी जगह है, रणनीति को भेदना इनके सामने बड़ा चैलेंज है। सिंहभूम लोकसभा सीट पर झामुमो की जोबा मांझी ने गीता कोड़ा को 1,68,402 वोटों से हराया। यह गीता कोड़ा जैसी शख्सियत के लिए बड़ी हार थी। लोगों का तो यहां तक कहना है कि गीता कोड़ा अगर आज भी निर्दलीय चुनाव लड़ जायें तो वह जीत जायें। लोकसभा चुनाव का परिणाम कोड़ा दंपति के लिए सबक था। इन्हें समझना होगा कि जेएमएम की क्या रणनीति रही। मधु कोड़ा को समझने के लिए यह बड़ी बात नहीं है कि किस रणनीति के तहत जेएमएम ने काम किया था। गांव में कुछ छुपता थोड़े है। सब बता देते हैं। हो जनजाति का बड़ा तबका गीता कोड़ा के साथ है। लेकिन उन्हें अपने मतदाता तक पहुंचने की जरूरत है। पुराने और नये कार्यकर्ताओं में समन्वय स्थापित करने की जरूरत है। मधु कोड़ा को पुरानी स्टाइल अपनानी पड़ेगी, जहां वह ग्रामीणों से एक-एक कर मिलते थे। जानकारी वहीं से छन कर मिलती है। कौन प्रभावित कर रहा है, कैसे प्रभावित कर रहा है, यह भेद तो वहीं से खुलेगा। फिर उसके हिसाब से रणनीति बनानी पड़ेगी।

सुशासन के लिए भाजपा की सरकार जरूरी: मोहन चरण माझी

- झारखंड में इस बार भाजपा, कांग्रेस और राजद का होगा सफाया, बनेगी डबल इंजन की सरकार
- राज्य में सरकार बनते ही 2.87 लाख सरकारी पद भरेगी भाजपा, युवाओं को मिलेगा रोजगार
- भाजपा सरकार बनते ही महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा । कोल्हान प्रमंडल के चाइबासा में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन के अवसर पर ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हुए। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में इस बार झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार का सफाया होने वाला है और राज्य में डबल इंजन की भाजपा सरकार आने वाली है। मांझी ने आगे कहा कि केंद्र और राज्य में अगर भाजपा की सरकार रहेगी, तो राज्य और राज्य की जनता का विकास होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो 2 लाख 87 हजार सरकारी पद भरने के लिए तुरंत निर्णय लिया जायेगा। भाजपा की सरकार बनते ही दिसंबर महीन से महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से 2100 रुपये डाला जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर दिया जायेगा। हर घर में टॉयलेट होगा। नल के जरिए हर घर में पानी पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में अगर कुशासन का अंत करना और विकास करना है तो भाजपा की सरकार राज्य में बनानी जरूरी है।

हेमंत सरकार ने पांच साल तक सिर्फ जनता को छला: बाबूलाल

- पांच लाख युवाओं को नौकरी, झामुमो का यह वादा झूठा निकला
- जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी के राज में झारखंड बना लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा । कोल्हान प्रमंडल के चाइबासा में मंगलवार को भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक है, परिवर्तन होने वाला है। राज्य की गठबंधन सरकार ने पिछले पांच सालों में राज्य की जनता को सिर्फ लूटा है। जेएमएम कांग्रेस की सरकार ने झारखंड के जंगल, पत्थर और बालू से सिर्फ अपनी तिजोरी भरी है। राज्य में जमीन की हेराफेरी कर सिर्फ लूट मचायी है। उन्होंने कहा

कि हेमंत सरकार ने इतना धन कमाया कि उनके नेताओं के घर से 350 करोड़ रुपये का पहाड़ मिला। राज्य सरकार के पिछले पांच वर्षों के शासन काल में सिर्फ लूट हुई है। उन्होंने आह्वान किया कि इस सरकार को बदलना है।

बाबूलाल मरांडी ने गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी पर कहा कि 2019 में जब चुनाव हुए थे, तब हेमंत सोरेन ने कहा था कि जब हमारी सरकार बनेगी, तो गरीबों को सालाना 72 हजार रुपये देंगे। यह वादा हेमंत सोरेन ने किया था, भाजपा ने नहीं। उन्होंने कहा था कि महिलाओं को चूल्हा खर्च के लिए 2 हजार रुपये देंगे, लेकिन मिला क्या? यदि हेमंत सोरेन यह 2 हजार रुपये दे देते, तो आज महिलाओं के पास 1 लाख 20 हजार रुपये होते, लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्होंने आगे कहा कि गठबंधन सरकार ने बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को 2500 रुपये पेंशन देने का वादा किया था। यदि यह पैसा दिया गया होता, तो 5 साल में यह 1.5 लाख रुपये हो जाता, लेकिन जेएमएम-कांग्रेस की सरकार ने राज्य के बुजुर्गों, गरीबों, युवाओं और विधवा महिलाओं को ठगने का काम किया है। हेमंत सोरेन ने ही वादा किया था कि शादी के लिए लड़कियों को सोने का सिक्का देंगे। सोने का सिक्का तो दूर, किसी को चांदी का सिक्का तक नसीब नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव निकट है, इसलिए हेमंत सोरेन 1 हजार रुपये महिलाओं के खाते में डाल कर जनता के बीच चारा डाल रहे हैं। अब हमें हेमंत सोरेन के जाल में नहीं फंसना है।

उन्होंने कहा कि 2019 में जब जेएमएम की सरकार बनने वाली थी, तब युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया गया था, और कहा गया था कि यदि नौकरी नहीं देंगे, तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। लेकिन ऐसा हुआ क्या? इस हेमंत सरकार ने युवाओं को नौकरी देने के नाम पर हाल ही में उत्पाद सिपाही बहाली में युवाओं को दौड़ाकर उनकी जान ले ली। इसलिए राज्य की इस सरकार को हटाने और झारखंड में विकास करने के लिए यह यात्रा चलती रहेगी, जब तक परिवर्तन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस जनता को ठगती है, लेकिन भाजपा जो कहती है, वह करती है।

राज्य स्तरीय जल सहिया क्षमतावर्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

सीएम ने जलसहिया को स्मार्ट मोबाइल फोन के लिए डीबीटी के माध्यम से 12 हजार रुपये भेजे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जलसहिया दीदियों की समस्याओं को हमारी सरकार ने सुलझाने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने जलसहिया दीदियों को उनका हक-अधिकार से वंचित रखने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आम नागरिक और सरकार के विभिन्न अंग को अपने साथ खड़े होने के लिए उन्हें उनका हक और अधिकार दे रही है। जलसहिया दीदियों की समस्याओं पर राज्य सरकार का पूरा ध्यान है। हमारी सरकार एक-एक समस्याओं का निदान करने का काम कर रही है। हमारी सरकार ने ग्राम स्तर पर कार्यरत जलसहिया दीदियों की मानदेय राशि को बढ़ाकर 2 हजार रुपये प्रतिमाह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के वृद्धजन, महिलाएं, नौजवान युवक-युवतियां, स्कूलों में अध्ययनरत बच्चियों के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ उनके समग्र विकास की दिशा में एक लंबी लकीर खींचने का प्रयास किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जलसहिया क्षमतावर्धन-सह-स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में आप सभी जलसहिया दीदियों के माध्यम से राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं गांव-गांव तथा घर-घर तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप याद कीजिए वह दिन जब पूर्व की सरकार में छोटे से कार्यकाल के भीतर मेरे मंत्री रहते आप सभी जलसहिया दीदियों की नियुक्ति हुई थी। आपकी समस्याओं को मुझसे ज्यादा कोई नहीं समझ सकता है।

स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर कई कार्य योजना तैयार की गयी है। राज्य सरकार द्वारा कहीं टंकी, कहीं बोरिंग, कहीं पाइपलाइन के जरिए शुद्ध जल पहुंचाने का कार्य हो रहा है। कई जगहों पर शिकायत मिल रही है कि ठेकेदार गड़बड़ी कर रहें हैं, इस पर नजर रखने, इसकी चौकीदारी करने के लिए जलसहिया दीदियों को जिम्मा मिलेगा। यह काम मजबूती से आपके हाथ में रहेगा। अब जो ठेकेदार गड़बड़ी करेगा, उसके खिलाफ आप शिकायत दर्ज करें, उस पर राज्य सरकार त्वरित कार्रवाई करने का काम करेगी।

12 हजार करोड़ फंड उपलब्ध कराया

मुख्यमंत्री के कहा कि अलग-अलग तरह से हमारी सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य योजना बनायी गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 19 वर्षों में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को पूर्व की सरकारों द्वारा मात्र 600 से 700 करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया था। हमारी सरकार ने विगत 4 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए 12 हजार करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध कराया गया है। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोबाइल क्रय के लिए चेक प्रारूप का वितरण, पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य जलसहियाओं, मुखिया एवं एसएचजी के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, सांसद, राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रधान सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एमआर मीणा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची जलसहिया उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

02 अक्टूबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 342

प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हजारीबाग तैयार

मोदी आयेंगे, सौगात लायेंगे

- 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे
- भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में भी शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को झारखंड का दौरा करेंगे। वह दोपहर करीब दो बजे हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन करेंगे और 25 एकलव्य स्कूलों की आधारशिला भी रखेंगे। इसके अलावा भाजपा द्वारा आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे। हजारीबाग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार है। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक और पार्टी के स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है।

झारखंड समेत 30 राज्यों को तोहफा: प्रधानमंत्री 79,150 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को लाभान्वित करते हुए लगभग 63,000 गांवों को शामिल करेगा। इसका उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न 17 मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित 25 हस्तक्षेपों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करना है। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे और 2,800 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 25 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत 1360 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

सुरक्षा में तीन हजार से अधिक जवान रहेंगे तैनात

प्रधानमंत्री हजारीबाग में विनोबा भावे विश्वविद्यालय से कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसके बाद वे मटवारी मैदान के लिए रवाना होंगे। वहां भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर हजारीबाग तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। हजारीबाग में तीन हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। साथ ही सात एसपी, 45 डीएसपी, 100 इंस्पेक्टर और 400 सब इंस्पेक्टर भी तैनात किये जायेंगे। इसके अलावा रैप की दो कंपनी को भी लगाया गया है। पीएम के कार्यक्रम स्थल पर आने से पहले उनका कार्केड हजारीबाग पहुंच गया है। मंगलवार को उनके कार्केड ने यूनिवर्सिटी से गांधी मैदान आना जाना कर मॉक ड्रिल किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस और प्रशासन के लोग सड़क किनारे खड़े रहे। कार्केड में एंबुलेंस के साथ एक दर्जन गाडियां शामिल थीं। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने रांची से एक सुजुकी कंपनी का स्पेशल वाहन मंगाया है। सूत्रों की मानें तो पीएम इसी गाड़ी से मटवारी गांधी मैदान सभास्थल का चक्कर लगा लोगों का अभिवादन करेंगे। यह वाहन पांच सीट का है।

मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

- 1:10 बजे विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग।
- 1:30 बजे हजारीबाग के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना।
- 1:55 बजे हजारीबाग में जेपीए हेलीपैड पर लैंडिंग।
- 2:00 बजे विनोवा भावे विवि में सरकारी कार्यक्रम।
- 2:45 बजे मटवारी कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना।
- 5:05 बजे हेलीपैड से रांची के लिए रवाना।
- 5:30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन।
- 5:45 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना।

नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले सीएम ने रखी मांग

प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे, हमारा हक 1.36 लाख करोड़ लौटायें: हेमंत

- मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट
- एक दिन पहले झामुमो ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखा था

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र से बकाया राशि देने की मांग लगातार कर रहे हैं। वह हर मंच से केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया होने की बात रख रहे हैं और केंद्र से देने की मांग कर रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार को हजारीबाग आगमन से पहले एक बार फिर हेमंत ने इसे लेकर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री 2 अक्तूबर को झारखंड आ रहे हैं। हमारे हक का 1.36 लाख करोड़ रुपया लौटायें।

प्रधानमंत्री के नाम खुला पत्र: गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले झामुमो ने 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया को लेकर 'प्रधानमंत्री के नाम खुला पत्र' लिखा। इसमें लिखा था कि 1.26 लाख करोड़ रुपये कब मिलेगा? पत्र में कोयला कंपनियों पर बकाया रकम के दावे का ब्रेकअप भी दिया है। इसके एक दिन बाद यानी मंगलवार को 10.30 बजे मुख्यमंत्री ने इसे शेयर करते हुए सोशल मीडिया पर फिर पोस्ट किया।

झारखंड के लोगों का अधिकार है

हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ये पैसा केंद्रीय कोल कंपनियों के अधिकार में है। ये राशि नहीं प्राप्त होने पर झारखंड की तरक्की में रुकावट हो रही है। ये अधिकार पूरे झारखंड के लोगों का है। ये हमारे परिश्रम, हमारी भूमि का पैसा है। इस पर बात करने के लिए मुझे बिना मतलब के ही जेल में रखा गया। पीएम मोदी कल (02 अक्तूबर) झारखंड का दौरा करेंगे। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे हमारे अधिकार को हमें वापस करेंगे।

असम के मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार पर फिर साधा निशाना

झामुमो और कांग्रेस सरकार नहीं बना पायेगी: हिमंता

- कहा, 3 अक्तूबर को जारी होगा भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र
- भाजपा की परिवर्तन यात्रा को बताया सफल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को झामुमो और कांग्रेस पर एक बार फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाये, झारखंड में झामुमो और कांग्रेस किसी भी स्थिति में सरकार नहीं बना पायेगी। सरमा ने कहा कि ये लोग बार-बार पूछ रहे हैं कि आपने (भाजपा) क्या दिया? साहब, सत्ता में आप हैं, मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आप बैठे हैं, और पूछते हमसे हैं कि आपने सूबे की जनता को क्या दिया। सरमा ने कहा कि सूबे की जनता को देना हमारा नहीं, बल्कि आपका (झामुमो) काम है। सत्ता में आप हैं, ना की हम, तो देने की जिम्मेदारी आपकी है, ना की हमारी। एक बार आप हमें सत्ता में बैठा कर तो देखिये, फिर बताते हैं कि हम सूबे की जनता को क्या दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपना चुनावी घोषणा पत्र 3 अक्तूबर को जारी करेंगे।

हेमंत सोरेन पर साधा निशाना: सरमा ने कहा कि यह जान कर हैरानी होती है कि आप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान होने के बावजूद दूसरों से मांग रहे हैं। यानी की आप यह बात खुद ही स्वीकार कर चुके हैं कि आप में लोगों को देने की क्षमता नहीं है। आप में यह क्षमता नहीं है कि प्रदेश के लोगों का विकास कर सकें। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बावजूद आप यह सवाल करेंगे कि आपने (बीजेपी) दिया क्या?, तो इससे साफ जाहिर होता है कि आप लोगों में प्रदेश के लोगों के लिए कुछ भी करने की इच्छा नहीं है। आप सिर्फ शासन करने की औपचारिकताएं ही निभा रहे हैं।

परिवर्तन यात्रा की समाप्ति में पीएम मोदी रहेंगे मौजूद

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने पूरे झारखंड में परिवर्तन यात्रा निकाली थी। यह यात्रा सफल रही। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इसमें शिरकत की। भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा की समाप्ति होगी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। हम अपना चुनावी घोषणापत्र 3 अक्टूबर को जारी करेंगे।

तिरुपति लड्डू विवाद: एसआइटी जांच रोकी गयी

तिरुपति (आजाद सिपाही)। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले की एसआइटी जांच रोक दी गयी है। राज्य के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने यह जानकारी दी है। डीजीपी राव ने कहा कि अभी सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी, इसलिए तब तक एसआइटी जांच नहीं की जायेगी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक ये तय किया जायेगा कि एसआइटी जांच को आगे बढ़ाना है या नहीं।

यूपी में 39,000 कर्मचारियों का वेतन रोका गया

लखनऊ (आजाद सिपाही)। उत्तरप्रदेश सरकार के 39,000 कर्मचारियों को इस महीने वेतन नहीं दिया जायेगा। क्योंकि इन कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में में कुल 8,46,640 राज्यकर्मी हैं। प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश दिया था। इसके लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था। इनमें से 7,88,506 कर्मचारियों ने ही संपत्ति का ब्यौरा दिया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in

अपराधियों ने हाइकोर्ट के अधिवक्ता को मारी गोली

वकील को हाइकोर्ट से घर जाते समय गोली मारी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। थाना क्षेत्र के ब्रजपुर में अपराधियों ने एक वकील को गोली मार दी। वकील की पहचान ब्रजपुर निवासी 45 वर्षीय बबन प्रसाद के रूप में हुई। बबन झारखंड हाइकोर्ट के वकील हैं। गोली वकील के बांये कंधे में लगी है। गोली मारने के बाद अपराधी फरार हो गये। अपराधियों की संख्या दो बतायी जा रही है, जो एक ही बाइक में सवार होकर आये थे। घटना मंगलवार की दोपहर 3 बजे की बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल वकील

को रातू सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकत्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।घटना के बाद डीएसपी अरविंद कुमार व थानेदार राम नारायण सिंह घटना स्थल पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय से अपनी बाइक में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर से तीन सौ मीटर दूर शहदेव साव के मकान के पास घात लगाकर बैठे अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। वकील मूल रुप से पलामू का रहने वाले हैं। वकील रातू के ब्रजपुर में तीन साल पहले ही मकान बनाकर पत्नी खुशबू व 4 साल की एक पुत्री के साथ रहते हैं।

गंभीर और चिंताजनक घटना : धीरज कुमार

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि अधिवक्ता बबन प्रसाद पर गोली चला कर हत्या करने का प्रयास एक गंभीर और चिंताजनक घटना है। इसकी जितनी भी कड़े शब्दों में निंदा की जाये, वह कम है। क्योंकि यह घटना न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए खतरा है।

नये उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के नये उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि त्योहार के सीजन की शुरुआत हो रही है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराना है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर बेहतर तरीके से पहुंचने का प्रयास किया जायेगा। आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों पर उपायुक्त ने कहा कि पूर्व से ही तैयारियां की गयी हैं, उसे आगे बढ़ाया जायेगा। सभी पदाधिकारी अनुभवी हैं। हम टीमवर्क के साथ सभी चुनौतियों का सामना करेंगे। मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आइएएस अधिकारी हैं।

महत्वपूर्ण खबरें

निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल एदलहातू में धूमधाम से गांधी जयंती मनायी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। एदलहातू स्थित निर्मला कन्वेंट हाइस्कूल में धूमधाम से गांधी जयंती मनायी गयी। इस मौके पर सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बापू हमेशा अहिंसा और सच्चाई को अपना हथियार के रूप में इस्तेमाल किये और इसी के सहारे भारत को आजादी दिलायी। इस मौके पर सुधा राणा, गीता शर्मा, आशुतोष, सुधीर कुमार, विनोद निषाद, सुरेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

सामाजिक-धार्मिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल डीआइजी से मिला

रांची (आजाद सिपाही)।रांची। युवा दस्ता और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को डीआइजी रांची अनूप बिरथरे से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, श्री दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष रामधन बर्मन और समाजसेवी कुमार रोशन सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने डीआइजी रांची को बुके और शाल देकर उनका स्वागत किया और दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों, मंदिरों और मार्गों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की। डीआइजी रांची अनूप बिरथरे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस मुलाकात में पीयूष आनंद, गोपाल पारीक, मंटू दुबे, मनीष केसरी, प्रकाश चंद्र सिन्हा, करण नायक, शाहिल कुमार, सुमित साहू, नवनीत पांडेय और राहुल सिन्हा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक्सपो उत्सव में 5 दिन में उमड़ी 3 लाख से ज्यादा की भीड़

रांची (आजाद सिपाही)। मोरहाबादी मैदान में जेसीआइ रांची द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2024 के 5वें दिन तक 3 लाख से अधिक लोग एक्सपो का हिस्सा बने। रांचीवासियों ने शॉपिंग के साथ-साथ मनोरंजन और दैनिक प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया। 5वें दिन टॉक शो का आयोजन हुआ, जिसमें बीएनआइ के अंकित जैन ने युवाओं को प्रेरित करते हुए अपनी सफलता के अनुभव साझा किये। उन्होंने युवाओं को नये अवसरों का लाभ उठाकर बड़ी सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, ओसाम डेयरी के सीइओ अभिनव ने भी अपने सफर की कहानी सुनायी, जिसमें उन्होंने जीरो से शुरू करके अपने ब्रांड को स्थापित करने की चुनौतियों और उपलब्धियों का वर्णन किया। योग प्रतियोगिता में 150 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों में काफी उत्साह देखा गया। एक्सपो का समापन समारोह आज होगा, जिसमें जेसीआइ इंडिया के अध्यक्ष जेएफसी एडवोकेट राकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगे।

टेकक्रिति 2024: संत जेवियर्स कॉलेज की टेकबाइट सोसाइटी का भव्य शुभारंभ

रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स कॉलेज के टेकबाइट सोसाइटी का भव्य शुभारंभ मंगलवार को टेकक्रिति 2024 इवेंट के दौरान हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में फादर डॉ मार्नियस कुजूर एसजे, निदेशक, एक्सआइएसएस और पीआरके नायडू, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष एवं झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, उपस्थित रहे। इवेंट में संस्थान की पूर्व छात्रा पूजा सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी। टेकक्रिति 2024 के दौरान टेकबाइट सोसाइटी के लॉन्च को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने और भी भव्य बनाया, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। टेकक्रिति 2024 के साथ जेवियर कॉलेज ने तकनीकी क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो छात्रों को नये युग की तकनीकी चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार करेगा।

रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को मुख्य सचिव एल.खियांग्ते से मिला। इस दौरान समिति ने आगामी दुर्गा पूजा को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए समर्थन मांगा। समिति के मुख्य संयोजक डॉ. अजीत सहाय ने कहा कि दशहरे का पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रशासन को हर संभव सहयोग दिया जायेगा। उन्होंने पिछले वर्ष मुख्य सचिव के नेतृत्व में झारखंड पुलिस की सराहनीय भूमिका की सराहना की। मुख्य सचिव एल.खियांग्ते ने कहा कि दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्द के साथ मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने सभी पूजा समितियों से सीसीटीवी लगाने और आपत्तिजनक गतिविधियों की रोकथाम में सहयोग करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में चंचल चटर्जी, जय सिंह यादव, प्रदीप रॉय बाबू, राजन वर्मा, संजय मिनोचा, सागर कुमार, अमरनाथ साहू, रविंद्र वर्मा, संजय सिंहा गोपू, राणा रणधीर, अशोक यादव शामिल थे। उक्त जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने दी।

झारखंड कैबिनेट की बैठक आठ को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैबिनेट की बैठक आठ अक्टूबर को होगी। इस संबंध में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

बिरियानी हाउस का विकास दास ने किया उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। कोकर चुन्ना भट्ठा में विकाश दास ने बिरियानी हाउस का उद्घाटन किया। इसे मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जयप्रकाश कुमार पासवान, मुख्य अथिति सूरज कुमार पासवान, संजय कुमार राम, विशाल कुमार राम, धर्मेंद्र कुमार राम, विष्णु राम के अलावा अन्य लोग शामिल हुए।

34 वर्ष की सेवा के बाद डीएवी कपिलदेव से रिटायर हुए अंग्रेजी के टीचर पीएन झा

रांची (आजाद सिपाही) कडरू स्थित डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल के अंग्रेजी के सीनियर पीजीटी पीएन झा सोमवार को सेवानिवृत्त हो गये। 1990 में डीएवी ग्रुप ज्वाइन करने के बाद उन्होंने 34 वर्षों तक अध्यापन कार्य किया। कडरू से पहले वो मध्यप्रदेश के कटनी में भी पोस्टेड रहे। उनके कार्य दिवस के अंतिम दिन स्कूल में उन्हें प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इधर, मैथिली मंच की ओर से भी उनके आवास पर जाकर अधिकारियों ने उन्हें पाग और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मूल रूप से सुपौल के रहने वाले पीएन झा के पिता रामकृष्ण झा किसुन भी मैथिली के शिक्षक और चर्चित साहित्यकार थे। पीएन झा ने भी रांची विश्विद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद शिक्षण को ही अपना करियर बनाया। इनके बड़े भाई बदरीनाथ झा एसबीआइ रांची से चीफ मैनेजर के पद से और वैद्यनाथ झा जल संसाधन विभाग नेपाल हॉउस से अवर सचिव के पद से रिटायर हुए हैं।

राज्यपाल से मिले चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मंगलवार को राजभवन में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह एवं सदस्यों ने शिष्टाचार मुलाकात की और पूजा आयोजन में आने के लिए आंमत्रित किया। राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि हर वर्ष भांति इस वर्ष भी चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने राज्यपाल को मां दुर्गा की प्रतिमा एवं चुनरी भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें सपरिवार पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन करने हेतु सादर आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, जदयू के प्रदेश महासचिव एवं छपरा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह, निवर्तमान पार्षद अशोक गुप्ता, दिलीप गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

छह अवर सचिव की पोस्टिंग मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए झारखंड सचिवालय सेवा के छह अवर सचिव स्तर के पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया गया है। सीएम की अनुमति से इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। स्वास्थ्य विभाग से मनोज कुमार सिंह, पीसीसीएफ कार्यालय रांची से संजय कुमार सिन्हा, राजस्व पर्षद से घनश्याम प्रसाद, जलसंसाधन विभाग से विनोद कुमार, उद्योग विभाग से संतोष कुमार चौबे व कृषि विभाग से विभाष चंद्र सिंह की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया गया है।

आइएमएस में अध्यात्म पर सेमिनार का आयोजन

अध्यात्म का संबंध मनुष्य के आंतरिक जीवन से है : गजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा में अध्यात्म का महत्व पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता आइएमएस निदेशक डॉ. वीएस तिवारी ने किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता एक्साइज विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर गजेंद्र कुमार सिंह एवं वक्ता के रूप में बीसीसीएल के पूर्व जीएम, बी एमके सिंह थे। संगोष्ठी में गजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की शिक्षा पद्धति में अध्यात्म का महत्व बेहद ही सारगर्भित है। अध्यात्म किसी भी मनुष्य को स्थायी सुख प्रदान करता है। हमारे जीवन में प्रेम, शांति, खुशी और विवेक की शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर बी. एमके सिंह, डॉ. रणधीर कुमार, डॉ.एनआर त्रिपाठी, किशलय वर्मा, दीपक कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार सिन्हा की उपस्तिथि रही।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गांधीजी के आदर्शों की गूंज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में गांधी जयंती मनायी गयी। जिसमें महात्मा गांधी के शांति, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों को याद किया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें वैष्णव जन गीत प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने नृत्य, कविताएं और भाषणों के माध्यम से गांधीजी के विचारों को प्रदर्शित किया। सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा गांधी दर्पण नामक एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी, जिसमें गांधीजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया। भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी मार्च, और नयी तालीम को प्रमुखता दी गयी। प्रदर्शनी में नेल आर्ट और टैटू के स्टॉल भी लगाये गये थे। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को गांधीजी के पदचिह्नों पर चलने और शांति व सद्भावना के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाडी बंदर कोच डिपो का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वाडी बंदर कोचिंग डिपो, मुंबई का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिपो के बुनियादी ढांचे, तकनीकी प्रगति और भविष्य की विस्तार योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में यात्री सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ाने एवं नवाचार पर जोर दिया गया।

ट्रेन सुरक्षा और रखरखाव पर ध्यान : मंत्री ने एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोचों में किये गये सुधारों का निरीक्षण किया, जिसमें स्प्रिंग विफलताओं को कम करने, सवारी आराम और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए टीपीयू रिंग्स को जोड़ना शामिल है।

स्वच्छता और यात्री आराम में नवाचार : श्री वैष्णव ने बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रदर्शनी में प्रदर्शित इन-हाउस डिजाइन किये गये कूड़े कलेक्टर जैसे नवाचारों के माध्यम से, एक स्वच्छ वातावरण बनाये रखने के लिए डिपो के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने टॉयलेट सहित कर्मचारी सुविधाओं की सफाई का भी निरीक्षण किया। यात्रियों की सुविधा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने हेतु श्री वैष्णव ने व्यक्तिगत रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस की 14 मिनट चमत्कार सफाई प्रक्रिया में इस्तेमाल किये गये डायसन वैक्यूम क्लीनर सहित उन्नत सफाई उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया।

यात्री सेवाएं और शिकायत निवारण : एकीकृत डेटा सेंटर में श्री वैष्णव ने यात्री शिकायतों को संभालने के लिए जिम्मेदार रेलमदद टीम के साथ बातचीत की। उन्होंने यात्रियों की संतुष्टि बढ़ाने में योगदान देते हुए त्वरित और प्रभावी शिकायत समाधान प्रदान करने में उनके प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

सुरक्षा और दक्षता के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी

निरीक्षण में एयर ब्रेक अखंडता सुनिश्चित करने के लिए अल्ट्रासोनिक एयर लीकेज डिटेक्शन सिस्टम और समय पर रखरखाव के लिए फ्लशिंग इंडिकेटर और ब्रेक एप्लीकेशन सिस्टम जैसे उन्नत उपकरण शामिल थे। ये प्रौद्योगिकियां पहले से ही राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ा रही हैं।

रखरखाव और प्रशिक्षण पर ध्यान

मंत्री ने वंदे भारत स्टोर का दौरा किया, जहां वंदे भारत ट्रेनों के लिए आवश्यक भागों को संग्रहीत किया जाता है, जिससे समय पर मरम्मत और सेवा विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। उन्होंने बेसिक ट्रेनिंग सेंटर का भी दौरा किया, एचएचबी कोच प्रशिक्षण के लिए इन-हाउस मॉडल का अवलोकन किया, जिससे सुरक्षा और सेवा मानकों को और मजबूत किया गया।

आज पूरे राज्यभर में ग्राम सभा का होगा आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। देशभर सहित पूरे झारखंड में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। ग्रामीण विकास विभाग ने इस आशय का निर्देश सभी जिलों को दिया है। ग्रामसभा के जरिये आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नयी योजनाओं का चयन किया जायेगा। श्रम बजट को तैयार किया जायेगा। पंचायत स्तर पर ग्रामीणों की सहमति से योजनाओं का चयन किया जायेगा। ग्राम की जरूरत के अनुरूप योजनाएं ली जायेंगी। इसके अलावा राज्यभर की चार हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम स्वच्छता पखवारा का भी आयोजन किया जायेगा। मनरेगा के अंतर्गत कार्य निर्धारण और मनरेगा जागरूता दिवस के रूप में इसे मनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों के बीच ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी जायेगी। ग्रामीण रोजगार में वृद्धि करने के साथ-साथ सभी को योजनाओं का लाभ मिले, इसे बताया जायेगा।

रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

15 अक्टूबर तक पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल द्वारा 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान श्रमदान, रेलवे स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में गहन साफ-सफाई, वाटर-बूथ की स्वच्छता एवं पेयजल की गुणवत्ता, प्रसाधन की साफ-सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता रेल परिसर से उत्पन्न कचरे का निष्पादन, एनजीओ एवं चैरिटेबल संस्था के सहयोग से आम लोगों के बीच स्वच्छता जागरूकता का प्रसार जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत मंगलवार को पहले दिन मंगलवार को मुख्यालय हाजीपुर के महाप्रबंधक सम्मेलन कक्ष में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में तथा प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में एवं सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतीश कुमार द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व मध्य रेल के साथ-साथ भारतीय रेल के सभी मंडल रेल प्रबंधकों एवं अन्य रेलवे के महाप्रबंधकों को स्वच्छता शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में 01 अक्टूबर को सामूहिक स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छ जागरूकता के अंतर्गत रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। इसके साथ ही मंडलों में प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक एवं स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत नारे के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया ।

आजसू पार्टी प्रदेशभर में आज से करेगी झारखंड नवनिर्माण यात्रा की शुरुआत

रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी राज्य के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड नवनिर्माण यात्रा का आयोजन करेगी। इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर दिन बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर गोमिया विधानसभा से होगी। जिसके बाद यह यात्रा राज्य के विभिन्न विधानसभाओं में आयोजित होगी। गोमिया में यह यात्रा गोमिया हाइस्कूल से 1बी मार्केट होते हुए स्वांग डीएवी स्कूल तक जायेगी। इस यात्रा में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे। उनके साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो बुधवार को डुमरी और गोमिया विधानसभा स्तरीय अपना आजसू 247 सेवा केंद्र का शुभारंभ करेंगे। झारखंड नवनिर्माण यात्रा से पहले सुदेश महतो डुमरी के इसरी बाजार स्थित अपना आजसू 247 सेवा केंद्र की शुरुआत करेंगे फिर गोमिया में आयोजित यात्रा में हिस्सा लेने के पश्चात गोमिया विधानसभा अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 247 सेवा केंद्र का शुभारंभ करेंगे। यह सेवा केंद्र क्षेत्र की जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध होगा।

जेएलकेएम की बदलाव संकल्प महासभा

कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड में विकास के लिए नए संकल्प के साथ बदलाव अनिवार्य है। लंबे संघर्ष के उपरांत अबतक झारखंड वासियों को परिवादवाद का भेंट चढ़ना पड़ा है। 25 साल का झारखंड में विकास दूर दूर तक गायब है। उक्त बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने सोनडीहा में बदलाव संकल्प महासभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। आयोजित बदलाव संकल्प महासभा की अध्यक्षता जयवीर प्रसाद और संचालन प्रीतम कुमार व मुकेश कुमार ने की। वही, केन्द्रीय महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष पूजा महतो, महिला मोर्चा की केन्द्रीय उपाध्यक्ष लीलावती देवी, रवि कुमार महतो, बिहारी महतो, जिलाध्यक्ष देवानंद कुमार महतो, रुपया महतो, ओमप्रकाश महतो, सानिया प्रवीण ने सभा को संबोधित किया। महासभा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव देवनाथ महतो, कोषाध्यक्ष दिपेंद्र कुमार, जयवीर प्रसाद, प्रीतम कुमार, अजय कुमार, दिवाकर कुमार, सुनिल कुमार, प्रवीण कुमार, रोहित कुमार, भोला कुमार महतो, अभिमन्यु कुमार, भुवनेश्वर पटेल, मनीष कुमार, चिंतामणि कुमार, सागर पटेल, धर्मदेव कुमार व अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

हेलमेट चेकिंग रोकने को लेकर एसपी को आवेदन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर में हेलमेट चेकिंग रोकने और होने वाले परेशानियों से पुलिस अधीक्षक को रामगढ़ युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर ने अवगत कराया है। उन्होंने एक आवेदन भी सौंपा है। आवेदन में कहा कि शहर में जगह-जगह हेलमेट चेकिंग से आम जनमानस व्यवसाय वर्ग को काफी परेशान है। एसपी से शहर के बाहर हेलमेट चेकिंग कराने की मांग की है। आवेदन में नो एंट्री की समय अवधि बढ़ाने की भी मांग की है। चुकी आने वाले समय में हिंदुओं का बड़ा त्यौहार है और शहर में बड़ी गाड़ियों की हाई स्पीड पर भी रोक लगाया जाय और ओवरलोडिंग वाहनों की जांच कर रोक लगाया जाए। मौके पर पूर्व मुखिया प्रत्याशी ओमप्रकाश कुशवाहा, युवा समाजसेवी संतोष नायक, रूपेश महतो, विक्की साव, प्रवीण अग्रवाल, साहिल सिन्हा (अधिवक्ता) शामिल थे।

23 नामजद और एक हजार पर मामला दर्ज

गोला (आजाद सिपाही)। गोला डीबीसी चौक में पिछले दिनों सड़क जाम किये जाने पर गोला थाना में 23 लोगों को नामजद और पांच सौ से एक हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ एसआइ अमित कुमार ने गोला थाना में कांड संख्या 99/24 के तहत मामला दर्ज कराया है। जिसमें डॉ राजेश कुमार महतो रकुआ, सहदेव कुमार पिता-स्व जलेश्वर महतो कुम्हरदगा, संतोष महतो कैथा, मुनिनाथ महतो कैथा, देवानंद महतो कांकेबर, सहबाज अनवर उर्फ गोल्डी चितरपुर, अफरोज मायल / चितरपुर, राकेश रजक चोकाद, पांडव कुमार महतो उलादाका, रूमा कुमारी पति-स्व राज रवि गुप्ता पोना, भारती कुशवाहा, संतोष कुमार महथा कुम्हरदगा, सुफल महतो चोकाद, सुजित कुमार महतो बड़की कोईया, त्रिभुवन महतो खोखा, जियाउल अंसारी मायल, मो तोसिफ सेब बरियातु, हरिश प्रभाकर, पवन महतो हुल्लु, सूधिर अकेला बोरोबिंग, शैल देवी हुल्लु, सारो देवी चोकाद, कुमुद कुमार बर्मन गोला को मुख्य आरोपी बनाया है। उल्लेखनीय है कि 28 सितंबर को डीबीसी चौक के समीप ट्रक की चपेट में आकर चोकाद गांव निवासी तिजू कुमार महतो की दर्दनाक मौत हो गयी थी। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था।

भाजपा ने कर दी थी अधिकारियों की चमड़ी मोटी : हेमंत सोरेन

हमारी सरकार ने अफसरों पर चाबुक चलाकर गांवों में भेजा

तेनुघाट में 50 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया जायेगा

बोकारो में 100 सीट वाले मेडिकल कॉलेज और 500 बेड वाले अस्पताल की योजना बनायी गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। झारखंड सरकार स्वास्थ्य संरचना को बेहतर बना रही है। बोकारो में 100 सीट वाले मेडिकल कॉलेज और 500 बेड वाले अस्पताल की योजना बनायी गयी है। तेनुघाट में 50 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया जायेगा। हजारीबाग के ऐतिहासिक झील का पुनरूद्धार होगा। बोकारो के चंदनकियारी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में राज्य निधि से निर्मित नगर निगम भवन का उद्घाटन करते हुए कई योजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान सीएम ने फूलों की पंखुड़ियां उड़ेलकर लोगों का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम में आये आम लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि भाजपा ने 20 वर्षों में यहां के अधिकारियों की चमड़ी मोटी कर दी थी। हमलोगों ने चाबुक लगाया है। अब यही अधिकारी गांव-गांव और टोला-टोला जाकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोयला कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया है। हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय एक नारा चला था 'कैसे लेंगे झारखंड, लड़कर लेंगे झारखंड'। उसी तरह हम लड़कर लेंगे अधिकार।

वोट के लिए घूम रहे हैं विरोधी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दो-तीन माह बाद चुनाव होने वाला है। हम लोग आपकी सेवा में लगे हैं और हमारे कुछ विरोधी लोग गांव-देहात में वोट बटोरने के लिए हेलीकॉप्टर से इधर उधर घूम रहे हैं। ध्यान रखियेगा, ये हमारे विरोधी कुछ आदिवासी-मूलवासी को पॉकेट में रखकर हमलोग के बीच एजेंट बनाकर भेज रहे हैं। हमारी राजनीतिक ताकत को कमजोर करना चाहते हैं। एक समय था जब यहां की फैक्ट्रियों में आदिवासी-मूलवासी की हजारों की संख्या में बहाली होती थी। अब ऐसा नहीं होता। अब सिर्फ पूंजीपतियों का उद्धार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष लगातार झूठा आरोप लगाता रहा। पांच माह तक जेल में डाल दिया। राजनीतिक रूप से नहीं लड़ सकते तो इडी, सीबीआइ को लगा देते हैं। विपक्ष के लोग सिर्फ व्यापारी मित्रों को मदद पहुंचाने के लिए सत्ता में आना चाहते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज करीब 50 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। झारखंड पूरे देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जहां के बुजुर्गों को राज्य सरकार पेंशन देती है। छात्रों को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ दिया जा रहा है। यहां के बच्चों को विदेशों में पढ़ाई के लिए भेजा जा रहा है। यहां मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। सीएम ने सुनने आये लोगों से पूछा 'आपको अच्छा लगा सरकार का काम ? आपका आशीर्वाद हमपर रहेगा ना'। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक लंबोदर महतो मौजूद थे।

बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के चंडीपुर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग जिले से संबंधित 1240 करोड़ 57 लाख की 50 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास। उद्घाटन - शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोकारो जिला अंतर्गत 500 शैय्या वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ललपनिया में 50 मेगावाट का सोलर पावर स्टेशन का शिलान्यास।

ग्रामीणों ने समाहरणालय का किया घेराव, नो एंट्री लागू करने की मांग

चतरा (आजाद सिपाही)। ट्रांसपोर्टिंग और आम सड़क को अलग करने की मांग को लेकर टंडवा के 15 गांव के ग्रामीणों ने समाहरणालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन से नो एंट्री लागू करने की अपील की। घेराव के दौरान ग्रामीणों ने अपने मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ट्रांसपोर्टिंग गतिविधियों के कारण आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है साथ बच्चों को भय के साये में स्कूल भेजना पड़ता है। चतरा एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। एसडीओ ने सभी लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से वापस जाने की अपील की। ग्रामीणों ने प्रशासन के आश्वासन पर थोड़ी राहत महसूस किया लेकिन उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे फिर से सड़कों पर उतरेंगे। स्थानीय निवासी और प्रदर्शनकारी ने कहा, हमारी सुरक्षा और सुविधा सबसे पहले है। हमें उम्मीद है कि प्रशासन हमारी समस्याओं को समझेगा। हालांकि इस मामले में ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर जमकर हमला बोला है।

चौकीदार नियुक्ति की परीक्षा में अंक बढ़ाने के नाम पर बिचौलिया हावी

चतरा (आजाद सिपाही)। जिले मे चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा 28 सितंबर 2024 को कुल सात केंद्रों पर विभागीय नियमों का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए जिला प्रशासन द्वारा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मामला प्रकाश में आया है कि बिचौलियों/ साइबर अपराधियों द्वारा लिखित परीक्षा के पेपर में नंबर बढ़ाने के एवज में पैसे की मांग परीक्षार्थियों से की जा रही है। जिले के सभी परीक्षार्थियों से जिला प्रशासन के तरफ से अपील है कि इस तरह के ठगी के झांसे में ना आएं, अन्यथा ठगी के शिकार हो सकते हैं। अगर परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की पैसे की मांग की जाती है तो अविलंब इसकी जानकारी अपने क्षेत्र के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को या फिर अपर समाहर्ता चतरा को दे सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1930 पर भी शिकयत कर सकते हैं। जिससे इस तरह के कार्य के लिए उनके ऊपर कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से परीक्षार्थियों का लिखित परीक्षा का कॉपी जांच किया जा रहा है।

जुबिली कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा राष्ट्रीय सेवा योजना का एक और दो के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के युवा खेल मंत्रालय और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निर्देश पर 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को महाविद्यालय परिसर एवं आसपास क्षेत्रो में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा और डॉ विशेश्वर रविदास ने कहा कि इसे सफल बनाने के लिए पूरे तन-मन से आत्मसात करने की आवश्यकता है। मौके पर प्राचार्य डॉ एके सिंह झा ने कहा की केवल महाविद्यालय ही नहीं बल्कि पूजा-पाठ के अवसर पर अपने आसपास के मंदिरों, अस्पतालों और चौक चौराहों पर भी स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर आम जनता को जागरूक करें। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का निवास होता है इसलिए आप समाज के लिए ऐसा काम करें कि मिसाल बन जाये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो देव प्रकाश, प्रो राजेश कुमार, प्रो बाल कृष्ण, डॉ एसपी पांडेय, डॉ. एसपी दांगी, डॉ विभा राय, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ बालमुकुंद, डॉ गोपाल विश्वकर्मा, प्रो मनोज कुमार, सोमनाथ, कृष्णा, नारायण, प्रो मनोज प्रसाद, भूषण शर्मा, सुनील, प्रो अमित आदि मौजूद थें। अभियान को सफल बनाने में अजय, मंजू, अंशु, खुशी, मार्या, रानी, खुशबू, नीलू, रानी, रश्मि, आंचल, मनीषा, संगीता, आशा, किरण, सौम्या, संध्या, शिवानी, अलका, पायल, अनिल, दिवाकर, गणेश, सुमित, सिमरन, अंजलि, सीमा, माही सहित आदि स्वयंसेवक व शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी जुटे हैं।



शांति समिति की बैठक में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील

त्योहार चुनौतीपूर्ण, चुनावी वर्ष है और आदर्श आचार संहिता कभी भी लागू हो सकती है: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। पूरे जिले में 140 दुर्गा पूजा समिति और मुख्य चार रावण दहन समिति कार्यक्रम स्थल और पूजा पंडाल में मुस्तैद रहेंगे। जिला प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग उन्हें मिलेगा। उक्त बातें मंगलवार को जिला शांति सह निगरानी समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि इस बार का त्योहार चुनौती पूर्ण होने वाला है। चुनावी वर्ष है और आदर्श आचार संहिता कभी भी लागू हो सकता है। ऐसे में पूजा समिति के सदस्य मानसिक तौर पर तैयार रहे। पूजा के दौरान अगर आचार संहिता लगता है तो पूजा समितियों को राजनीतिक माहौल से खुद को दूर कर लेना होगा। पंडालों के पास वॉलिंटियर्स को एक रंग के ड्रेस में रहने का भी सुझाव डीसी ने दिया है। ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं और वॉलिंटियर्स के बीच फर्क साफ नजर आये। इस दौरान डीसी ने प्रखंडवार पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया। समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। वही, उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने के लिए पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया।

आम नागरिक करें सहयोग: एसपी

बैठक के दौरान एसपी अजय कुमार ने पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा की पवित्रता बनाये रखने में सहयोग करें। शांति समिति के सभी सदस्यों और विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने और तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना और जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया।

लाइटिंग की हो पूरी व्यवस्था, जनरेटर के पास रहे ऑपरेटर: डीसी ने लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने और अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने के लिए सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया। डीजे पर है प्रतिबंध, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई ।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी पूजा पंडालों का होगा निरीक्षण: एसडीओ: बैठक के दौरान एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि पूजा पंडालों में सुरक्षा के मद्देनजर बीडीओ और सीओ स्थल निरीक्षण करेंगे।

बैठक में डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसी कुमारी गीतांजलि, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थानों के प्रभारी, सभी विभागों के पदाधिकारी, पूजा समिति के सदस्य और शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in
06

महत्वपूर्ण खबरें

आइपीएस आरके मल्लिक और मुरारी लाल मीणा को डीजी रैंक में मिली प्रोन्नति

रांची (आजाद सिपाही) आइपीएस मुरारी लाल मीणा और आरके मलिक को डीजी रैंक में प्रोन्नति दिया गया। मीणा को डीजी रेल बनाया गया जबकि मलिक को डीजी हेडक्वार्टर के पद पर पदस्थापित किया गया। गौरतलब है कि ये दोनों आइपीएस अधिकारी जनवरी 2025 में सेवानिवृत हो जायेंगे। मुरारी लाल मीणा 1993 बैच के आइपीएस हैं जबकि आरके मल्लिक 1992 बैच के आइपीएस हैं।

श्री श्याम मित्र मंडल ने आयोजित किया 121वां श्री सुंदरकांड पाठ

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित 121वें श्री सुंदरकांड पाठ में भक्तजनों ने भाग लिया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने ढोलक-ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, अनिल नारनोली सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। इसके अलावा, खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान और आलू सिंह जी महाराज की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये।

संबलपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

संबलपुर(आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में 1 से 15 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों, कार्यालयों, कार्यशालाओं का रखरखाव, डिपो, अस्पतालों और आवासीय क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करना है। यह व्यापक स्वच्छता अभियान जागरूकता पैदा करने और स्वच्छ और हरित भारत को बनाए रखने की दिशा में सामूहिक प्रयत्नों को प्रेरित करने के लिए चलाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के उद्घाटन दिवस पर, संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ में स्वच्छता बनाए रखने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया गया, जिसमें कर्मचारियों ने अपने परिसर को साफ रखने और आम जनता को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता जतायी। इससे पहले, 14 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक, संबलपुर मंडल ने स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम के तहत स्वच्छता ही सेवा मनाया। यह समारोह 2 अक्टूबर 2024 को महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रमों के साथ समाप्त होगा।

डॉ दीपक कुमार साहू की पुस्तक डिजिटल मार्केटिंग का राज्यपाल ने किया विमोचन

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना,रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा समारोह में राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने डॉ. दीपक कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक, जे एन कॉलेज, धुर्वा द्वारा लिखित पुस्तक डिजिटल मार्केटिंग का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति,प्रो० डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डीन छात्र कल्याण,प्रो डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव डॉ विनोद नारायण,कार्यक्रम समन्वयक, एन.एस.एस डॉ ब्रजेश कुमार, रांची विश्वविद्यालय की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। डॉ. साहू की यह पुस्तक डिजिटल युग में विपणन के आधुनिक तरीकों और तकनीकों पर आधारित है, जो वर्तमान समय में व्यापार, उद्यमिता, और विपणन के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखकर लिखी गयी है। पुस्तक विमोचन समारोह के दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज के समय में व्यापार जगत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है और इस पुस्तक से छात्रों, शोधार्थियों और इस क्षेत्र के पेशेवरों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने भी डॉ. साहू के योगदान की सराहना की।

कलमकारों की बहुरंगी काव्य धाराओं से मन खिल उठा



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को श्री सहित्य कुंज साहित्यिक मंच की मासिक गोष्ठी लालपुर स्थित होटेल सिटी पैलेस में संपन्न हुई। कार्यक्रम में कलमकारों की बहुरंगी काव्य धाराओं से सिटी पैलेस होटल गुलजार हुआ। रेणु क्षा रेणुका ने दीप मंत्रोच्चार करके गोष्ठी का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना नीता शेखर एवं मंच सञ्चालन बिंदु प्रसाद रिद्धिमा ने किया। मंच की अध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी ने स्वागत किया। संस्थापिका मनीषा सहाय, सुमन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची के प्रसिद्ध हास्य कवि नरेश बंका ने किया। प्रसिद्ध गजलकार कामेश्वर कुमार कामेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महेंद्र प्रसाद महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिन्हा, कवि एवं नाटककार राकेश रमन रार, सुरिंदर कौर नीलम एवं रेणु झा रेणुका ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंच को गौरवांवित किया। इस अवसर पर सूरज श्रीवास्तव, स्मिता आरोही, जितेंद्र कुमार तिवारी, पंकज पुष्कर, मंजुला शरण सिन्हा, ऋतुराज वर्षा, भावना अंबष्ठ, पुष्पा सहाय, स्मिता सिन्हा, रश्मि सिन्हा, पूनम वर्मा, अनुपम श्री, प्रतिभा मिश्रा, सिम्मी नाथ, निर्मला कर्ण, प्रियंका उरांव, डॉ रजनी चंदा, खुशबू बरनवाल सीपी, पुष्पा पांडेय, मनीषा मनीष वंदन, रागिनी राखी, सुनीता श्रीवास्तव, सुनीता अग्रवाल, करुणा सिंह, मधुमिता साहा, रेणुबाला धार, अर्चना श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम कुमार एवं विक्की मिंज आदि रचनाकारों ने अपनी अनुपम अतुल्य प्रस्तुतियों से गोष्ठी को गरिमा प्रदान किया।

सांसद समेत 21 आरोपियों के खिलाफ हाइकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक : रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोराबादी मैदान में आयोजित आक्रोश रैली के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, बीडी राम समेत 21 आरोपियों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआइआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट की एकल पीठ ने अर्जुन मुंडा समेत 21 आरोपियों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

झारखंड बनाने में वीरों का बलिदान, कांग्रेस-झामुमो ने किया अपमानः अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। कोल्हान प्रमंडल के चाइबासा में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा के समापन के अवसर पर अर्जुन मुंडा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस देश के निर्माण और आजादी में कई वीरों ने अपना बलिदान दिया। झारखंड और कोल्हान में भगवान बिरसा मुंडा का गौरवमयी इतिहास रहा है। इस राज्य में नीलांबर पितांबर का भी इतिहास है। झारखंड के निर्माण में बलिदान देने वालों का एक लंबा इतिहास है। इस राज्य को बनाने में कई

जल, जंगल और जमीन को लूट रही हेमंत सरकार

हो भाषा को मिलेगी मान्यता, भाजपा का आश्वासन

पीढ़ियों ने अपना जीवन खपाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने से पहले कई लोगों ने इसका राजनीतिक लाभ उठाया है। आज मैं कोल्हान की धरती को नमन करता हूं। कोल्हान की यह धरती वह है, जहां से अंग्रेज तो चले गये, लेकिन इसके बाद देश में कांग्रेस का शासन आया।

आगे उन्होंने कहा कि झारखंड का निर्माण हो, इसके लिए कोल्हान की जनता और वीरों ने आंदोलन खड़ा किया। लेकिन उस समय कांग्रेस का शासन था, तब गोवा में 11 से अधिक आदिवासियों को कांग्रेस की गोली का शिकार होना पड़ा था। उस वक्त तीरुलडीह गोलीकांड हुआ। उस समय कई आंदोलनकारियों ने बलिदान देकर झारखंड राज्य बनाने का सपना सजोया। लेकिन आज वही कांग्रेस और झामुमो मिल कर पर्दे के पीछे से खेल कर झारखंड को बर्बाद करने पर तुले हैं। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस की सरकार में किसी नेता के घर से 350 करोड़ रुपये तिजोरी से मिलते हैं, और एक नेता के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिलते हैं, लेकिन राज्य सरकार कहती है कि हमें बदनाम किया जा रहा है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि एक तरफ जेएमएम की सरकार आदिवासियों की जमीन बचाने की बात करती है, लेकिन वास्तव में उन्हें लूटा जा रहा है। लेकिन हमें इस भ्रष्टाचार से जल, जंगल और जमीन को बचाना है। हेमंत सोरेन राज्य की जन और धन से खिलवाड़ कर रहे हैं, और उन्हें लूट रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड गरीबों, किसानों, बहनों, आदिवासियों और युवाओं के उद्धार के लिए बनाया गया है। राज्य को अब लूटने नहीं दिया जायेगा।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा को आदिवासियों की चिंता है। आदिवासी की बेटी को राष्ट्रपति बनाया। छत्तीसगढ़ में आदिवासी बेटे को मुख्यमंत्री बनाया। ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भी आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की भाषा को मान्यता दिलाने के लिए गृह मंत्री ने आश्वासन दिया है। भाजपा हर तबके के बारे में सोचती है।

एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये दें पीएम जब चुनाव आया तो प्रधानमंत्री को आदिवासी याद आने लगे : सुप्रियो

पीएम के दिल में सचमुच में आदिवासी के प्रति प्रेम है, तो हमारा बकाया रुपया दें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री बुधवार को 15 दिनों के बाद फिर झारखंड के दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री का हजारीबाग में कार्यक्रम है। जो प्रधानमंत्री के कार्यालय के सूचना आयी है कि एकलव्य विद्यालय के संबंध में कुछ घोषणाएं हैं। साथ ही जनजाति ग्रामीण उन्नयन के लिए भी कुछ घोषणा है। श्री भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव जैसे ही सामने आ गया है, वैसे प्रधानमंत्री को आदिवासी बहुत याद आ रहा है। राष्ट्रपति को चुनाव का एक तंत्र बना कर उनका भी नाम लिया जाता है। आदिवासियों के प्रति उनका जो प्यार उमड़ा है, अगर वह सचमुच

में सच्चा है तो 2014 से लेकर जब से वह प्रधानमंत्री बने हैं, झारखंड का जो बकाया राशि है, वह राशि हमें दे देते। उस राशि से गांव, देहात, शहर के अंतिम पायदान पर खड़े हमारी बहनों, माताओं, किसानों, युवाओं को हमारी हेमंत सरकार ने 2019 के बाद जो योजनाएं चलायी है, उसमें लोगों के लिए और महत्वपूर्ण योजनाएं लागू हो जातीं। हर प्रकार की योजनाएं चाहे वह छात्रों के लिए हो, महिलाओं के लिए हो, शिक्षा के लिए हो, स्वास्थ्य के लिए हो, मजदूरों के लिए हो उन योजनाओं को चलाने में हमें आसानी हो जाती। एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये यह कम नहीं होता। कई राज्यों का वार्षिक बजट से भी ज्यादा है। यह बकाया है। उन्होंने कहा कि हमने इस राज्य को संघर्ष और बलिदान पर लिया है। हमको हमारा हक और अधिकार दीजिए।

भाजपा हुई हमलावर, झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बोला हमला

प्रधानमंत्री सौगात देने आ रहे, फिर भी झामुमो को लग रहा डरः प्रतुल

अलग राज्य के आंदोलन को तीन करोड़ में बेचने वालों से नैतिकता का पाठ नहीं चाहिए

झारखंड का वाजिब हक तो उसको मिल कर रहेगा, लेकिन झामुमो बतायें कि यूपीए सरकार के समय का बकाया कितना था?

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर एक और बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का जब भी झारखंड में आगमन होता है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के खेमे में डर सा समा जाता है। प्रधानमंत्री खरबों रुपये की सौगात देने आ रहे हैं। लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त झारखंड मुक्ति मोर्चा को अब भी डर लग रहा है। ये डर स्वाभाविक भी है क्योंकि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी अभियान चल रहा है और हेमंत सरकार तो पूरे तरीके से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

प्रतुल ने कहा कि आदिवासियों और मूलवासियों की सबसे बड़ी

दुश्मन झामुमो है। जिन आदिवासी और मूलवासियों को हक देने और नौकरी देने के नाम पर झामुमो सरकार में आयी थी, उन्हीं को सबसे ज्यादा इस सरकार में ठगा गया। 5 वर्षों में 5 लाख नौकरियां की जगह हक मांगने निकले आदिवासी मूलवासी छात्रों को लाठियां मिली और फर्जी मुकदमों में फंसाया गया। प्रतुल ने कहा कि खनन लीज की बात हो या जमीन लीज की बात हो सब पर सोरेन परिवार का कब्जा रहा। सब प्रतियोगी परीक्षाएं कदाचार की भेंट चढ़ गयीं। प्रतुल ने कहा कि हद तो तब हो गयी, जब मुख्यमंत्री ने माइनिंग मंत्री और मुख्यमंत्री रहते खुद के नाम पर माइनिंग लीज ले ली। हेमंत सरकार पर पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में 70 हजार करोड़ रुपये के घपले, घोटाले का आरोप लगा है।

प्रतुल ने कहा कि जिस पार्टी ने झारखंड आंदोलन को 3 करोड रुपये में बेच दिया हो वह अब नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है। प्रतुल ने कहा कि झामुमो के सांसद इतने भोले थे कि तीन करोड़ रुपयों की रिश्वत की राशि को बैंक में रख दिया था। अब सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला फिर से खुला है और इस पर सुनवाई चल रही है। प्रतुल ने कहा कि हेमंत सोरेन बेल पर बाहर हैं। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ऐसा बयान दे रही जैसे वह दोष मुक्त हो गये। प्रतुल ने कहा कि झारखंड की जो भी राशि बकाया है वह तो उसे मिल कर रहेगी और अब इस पर तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी आ गया। लेकिन हेमंत सोरेन को ये बताना चाहिए कि इस राशि का कितना बकाया केंद्र की एनडीए सरकार के दौरान था और कितना पैसा उनके सहयोगी दल कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान था।

1001 दीप जलाकर बापू वाटिका को सजाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पब्लिक स्कूल्स एपड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा ने महात्मा गांधी की जयंती के पूर्व संध्या को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि महात्मा

महात्मा गांधी की जयंती पर पासवा ने आयोजित किया श्रद्धांजलि समारोह

गांधी के दर्शन से लोकतंत्र मजबूत होगा। राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए गांधी जी के दर्शन प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर 1001 दीप प्रज्वलित कर बापू वाटिका को सजाया गया। पासवा के संरक्षक और विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पासवा के अनिकेत कुमार, मेंहुल दूबे, विशाल सिंह, रिया कुमारी, मृत्युंजय कुमार, संजय तिर्की, प्रियंका कुमारी, निकोदीम सोय, विशाखा कुमारी, साक्षी प्रिया, नन्दिनी कुमारी, मो.अजहर, मो.शाहिद,मो.शैफ, मो.जाबिर, अटल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

एसबीयू में 'मीटिंग ग्लोबल हेल्थ नीड्स' पर कार्यक्रम आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। 'फार्मेसी के क्षेत्र में जानकारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सरला बिरला विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के अलावा इस दिशा में सराहनीय पहल हो रही है और हमारे प्रयास निरंतर जारी हैं। उक्त बातें सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने अपने संबोधन के दौरान कहीं। वे मंगलवार को एसबीयू के फार्मेसी विभाग द्वारा वर्ल्ड फार्मेसी डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'मीटिंग ग्लोबल हेल्थ नीड्स' में बोल रहे थे। कार्यक्रम में बीआइटी मेसरा के फार्मेसी विभाग की प्रमुख डॉ. पापिया मित्रा मजूमदार, एफडीए के संयुक्त निदेशक सुमंत कुमार तिवारी समेत सहायक निदेशक रामकुमार झा ने भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1945 के विषय में विस्तार से बताया। डॉ. पापिया ने फार्मेसी के क्षेत्र में अवसरों और रिसर्च की जानकारी दी। इस अवसर पर एसबीयू के प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन ने संस्थान में फार्मेसी विभाग की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक की भी प्रस्तुति की गयी। संचालन डॉ. शुभ्रजीत मंत्री और धन्यवाद भाषण निशा सिंह ने दिया। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी, डॉ. शैलेश नारायण, सबिता कुमारी, पल्लवी रानी, अंजलि मिश्रा समेत विवि के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला

झारखंड में छोटी-छोटी परियोजनाओं पर विचार किया जाना चाहिएःमनोज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएमईजी के तहत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने तथा अभी तक की उपब्धियों पर विचार-विमर्श के लिए सभी स्टेक होल्डर्स के साथ मंगलवार को होटल कैपिटल हिल, मेन रोड, रांची के सभागार में पीएमइजीपी की एक कार्यशाला सह निरीक्षण बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मनमोहन प्रसाद (आइएएस), अपर सचिव उद्योग, झारखंड सरकार द्वारा की गयी। बतौर मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग शरीक हुए। निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची ने पीएमइजीपी की गत तीन वर्षों की स्थिति की जानकारी दी। वर्तमान

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शत प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबों से सकारात्मक पहल करने की अपील की। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पीएमइजीपी योजना को गंभीरता से लिया जा रहा है, क्योंकि इसके माध्यम से जो पूंजीगत ऋण का वितरण किया जाता है, वो सीधे देश के सबसे कमजोर एवं जरूरतमंद तबके तक पहुंचती है। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष मार्जिन राशि सब्सिडी को जल्द से जल्द रिलीज करवाने की अपील की। आरबीआइ रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने पीएमइजीपी योजना को देश के विकास के दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा प्रदेश है, इसलिए यहां छोटी-छोटी परियोजनाएं ज्यादा आती है, जिसपर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना चाहिए। छोटे-छोटे उद्योगों के माध्यम से स्थापित इकोनॉमी देश के लिए ज्यादा इकोनॉमिक स्थायित्व प्रदान करती है। उन्होंने इस प्रदेश में छोटी-छोटी इकाइयों की स्थापना इस प्रदेश की सामाजिक संरचना एवं भौगोलिक परिप्रेक्ष्य के अनुकूल है। कार्यक्रम में राजीव मल्होत्रा, सहायक निदेशक, राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची ने उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इसमें खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची के निदेशक मांगे राम, सी गोपाला कृष्णा, डीजीएम एसएलबीसी बैंक ऑफ इंडिया, रांची, प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय निदेशक. आरबीआइ रांची, राज कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, रांची, गौतम सिंह, महाप्रबंधक, नाबार्ड, रांची के साथ ही साथ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के आंचलिक/क्षेत्रीय प्रमुख, सभी जिला उद्योग केंद्रों के महाप्रबंधक, अग्रणी जिला बैंकों के प्रबंधक उपस्थिति थे।

झारखंड में सामाजिक और आर्थिक विकास पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस ने होटल बीएनआर चाणक्य में एक दिवसीय प्रोफेशनल संवाद का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्य विक्रम जायसवाल ने किया। बतौर मुख्य अतिथि शिव सेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि महाराष्ट्र के विकास मॉडल को झारखंड में लागू करने से राज्य की उन्नति हो सकती है। झारखंड की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने

झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की पहल

कहा कि प्रदेश में एग्रोबेस्ड इंडस्ट्रीज लगाने के लिए सिंगल विंडो ऑप्शन दिया जायेगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गांवों का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और सामाजिक और आर्थिक विकास पर अपने विचार साझा किये।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in

अवैध संबंध के कारण पति ने ही सुपारी देकर करायी थी पत्नी के प्रेमी की हत्या, तीन आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिले के सायको थाना कुदा ग्राम निवासी भोंज मुंडा नामक युवक की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अनुसंधान में इस बात का खुलासा हुआ कि अवैध संबंध के कारण सादिर उर्फ सुकरा मुंडा ने ही अपनी पत्नी के प्रेमी भोंज मुंडा की हत्या सुपारी देकर कराई थी। यह जानकारी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व हुए हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपितों अड़की थानांतर्गत ग्राम बगड़ी निवासी फगुआ मुंडा उर्फ चुन्नू उर्फ मांगा उर्फ लंबू उर्फ पंकज मुंडा (28 वर्ष) एतवा पूर्ति उर्फ टुनू उर्फ दीपक (22 वर्ष) तथा अड़की के

तिनतिला गांव निवासी एसी सगुन दास (20 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार(लोहे की दउली) एक चाकू और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। एसडीपीओ ने बताया कि दो माह पूर्व 26 जुलाई की देर शाम जिऊरी गांव स्थित फुटबॉल मैदान के समीप एक खेत में भोंज मुंडा की गला काट कर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध सायको थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जब अनुसंधान शुरू किया, तो पता चला कि कुदा गांव के सांदिर उर्फ सुकरा मुंडा की पत्नी के साथ मृतक भोंज मुंडा का अवैध संबंध था। इस पर पुलिस ने संदेही आरोपित सुकरा मुंडा को पकड़ने का प्रयास किया, तो सुकरा मुंडा ने एक अगस्त को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में सुकरा मुंडा से पूछताछ की गयी, तो उसने पत्नी से अवैध संबंध के कारण भोंज मुंडा की हत्या के लिए पूर्व नक्सली फगुआ मुंडा और एतवा पूर्ति उर्फ दीपक को 70 हजार रुपये की सुपारी देने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि इसके लिए आरोपितों को 40 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित फगुआ मुंडा पूर्व में नक्सली संगठन पीएलएफआई से जुड़ा था। उसके विरुद्ध 11 वर्ष पूर्व सायको बाजार में खूंटी के व्यवसायी बनवारी लाल साव और उनके जवान पुत्र विनय कुमार गुप्ता सहित चार लोगों की गोली मारकर की गयी हत्या और ओतोंगगोड़ा ग्रामप्रधान पौलुस मुंडा की चार वर्ष पूर्व उसके घर में ही गोली मारकर की गई हत्या के मामले में मुरहू और सायको थाने में दो मामले दर्ज हैं, जबकि पूर्व माओवादी एतवा पूर्ति उर्फ दीपक के विरुद्ध भी सायको थाने में दो अलग-अलग हत्या के मामले दर्ज हैं।

उक्त मामलों में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसडीपीओ ने बताया कि भोंज मुडा ळत्याकांड के उद्भेदन के लिए खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित छापामार टीम में खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास, सायको थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, एसएसबी उलिहातू के इंस्पेक्टर विकास कुमार, सायको थाना के एसआई वीरेंद्र कुमार,

एसआई मनीष कुमार सहित सशस्त्र बल और एसएसबी के जवान शामिल थे।

आदिवासी संगठन ने सीएम हेमंत सोरेन और विधायक विकास कुमार मुंडा का पुतला फूंका

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ के उलीडीह में दिउड़ीदिरी जमीन बचाओ अभियान समिति और समस्त आदिवासी संगठन द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक विकास कुमार मुंडा का पुतला दहन किया गया। इसमें दिउड़ी दिरी को अतिक्रमण और जमीन का स्थानांतरण, असंवैधानिक तरिका से ट्रष्ट के विरोध में। इसमें विभिन्न उपस्थित हुए अनिल सिंह मुंडा, रामसाय मुंडा, सिदाम सिंह मुंडा,पंचानन सिंह मुंडा, सुखनाथ मुंडा, डोमन सिंह मुंडा, राजेंद्र मुंडा,महेश मुंडा, भुषण मुंडा, सुमित्रा देवी, लक्ष्मीकांत मुंडा,मुन्नालाल मुंडा,जादू सिंह मुण्डा, संदीप मुंडा, ललित सिंह मुंडा, मेघनाथ सिंह मुंडा, गुरूवा मुंडा, विकिकी कुमार, चामु मुंडा, अर्जुन कमल, सुखलाल सिंह मुंडा, सुफल स्वांसी, लुधरो मुंडा, राम सिंह मुंडा, दिवाकर मुंडा, शकुतला देवी, किरण कुमारी, पवित्रा देवी, मंगला देवी, विशेश्वरी देवी, सुरेन उपस्थित थे।

तालाब में डूबने से रिंकू सेठ की मौत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह के बड़ा तालाब में डूबने से रिंकू सेठ 19 वर्ष की मौत हो गयी। मंगलवार वह तालाब में नहाने गया था पैर फिसला और एक गड्ढे में जा गिरा और उसकी मौत हो गयी। तमाड़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा है।

सविता महतो ने की 3.49 करोड़ की सड़क का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के पीडब्लूडी रोड सासनटांड होते हुए लाकड़ी तक 3.18 किमी सड़क का शीलान्यास मंगलवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा 3,49,948 लाख रुपये कि लागत से सड़क का निर्माण होगा।

वही इसी क्रम में विधायक ने विधायक योजना से 12 लाख 5 हाजार 3 सौ 60 रुपये कि लागत से निर्माण होने वाले चांडिल बाजार स्थित मेघोपाट में चारदीवारी निर्माण का भी

शीलान्यास विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा पक्के सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, समर भुईया, विश्वनाथ गोप, राहुल वर्मा, शंकर लायेक, हरिपदों महतो, शंकर सिंह सरदार, सचिन गोप, यदुपति महतो, समेत काफी संख्या मे झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

बुंडू के पुराने अस्पताल में 50 बेड के फैब्रिकेटेड अस्पताल का विधायक ने किया शिलान्यास

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के पुराने अस्पताल में 50 बेड का फैब्रिकेटेड अस्पताल का मंगलवार को तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह में विधायक ने कहा, बुंडू अनुमंडल में 50 बेड का फैब्रिकेटेड अस्पताल के निर्माण से न केवल चिकित्सा सेवाओं में सुधार का एक नया अध्याय खोलेगा, बल्कि यह क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को भी ऊंचा

उठायेगा। समारोह में बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया, ऋषिकेश महतो, दिलीप स्वांसी, अरसद अंसारी, उमेश महतो, गुड्डू जायसवाल, दिनेश जायसवाल, गुल्ला महतो, ज्ञानेश मांझी, कालेश्वर मुंडा, जमीर अंसारी, दिनेश गोंझू, बबलू कुंडू, बासु सेठ, गिरीश सूरज लायक, और क्षेत्रवासी उपस्थित हुए।

सरना में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन सरना खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल प्रसाद, तोबियस बाड़ा और बाबूलाल गंझु, धोधा गंझु ने फीता काटकर और फुटबॉल को किक मारकर उद्घाटन किया। उद्घाटन का पहला मैच शांतिनगर डेमधौड़ा बनाम चमरेंगा के बीच खेला गया। जिसमे चमरेंगा एक गोल से विजयी रहा। वही दूसरा मैच करकट्टा बस्ती बनाम बलथरवा के बीच खेला गया। जिसमे करकट्टा बस्ती 5-2 से विजयी रहा। इस मौके पर संरक्षक राजेंद्र गंझु,अध्यक्ष अमृत मुंडा, सचिव डब्लू गंझु, कोषाध्यक्ष सूरज मुंडा, राहुल गंझु, बबलू गंझु, गोविंद भोगता, बंटी उरांव, विकास गंझु, पुरन मुंडा, सोनू उरांव, बाबू उरांव, बॉबी मुंडा, पवन गंझु, सुनील गंझु, नीरज उरांव का सराहनीय योगदान रहा इधर दो अक्टूबर को बड़कीटाड़ और बालशोकरा तथा आदर्श स्कूल और महुआ धौड़ा के बीच मैच खेला जायेगा।

कोयलांचल के बुंडू में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू में आजसू पार्टी के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसु पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर गणेश बंसल,रोहित तूरी, मंजू देवी, ईश्वर राम के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष कांग्रेस और जेएमएम को छोड़कर रोशन लाल चौधरी से प्रभावित होकर आजसू पार्टी का दामन थामा। सभी नए सदस्यों को मुख्य अतिथि नें माला तथा पार्टी का पट्टा पहनाकर आजसू पार्टी में विधिवत शामिल कराया।

बचरा में स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 17 से शुरू होगा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवाह क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में मंगलवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संतोष राम और संचालन सुनील प्रसाद ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा में स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से आगामी 17 अक्टुबर से 21 अक्टुबर तक बचरा चार नंबर खेल मैदान में पांच दिवसीय स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन कराने पर सहमति बनी। टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेगी, जिसमें एंट्री फीस छः हजार रुपये रखी गयी। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 50 हजार 100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार 100 रुपए,तृतीय और चर्तुथ पुरस्कार सात हजार रुपये रखी गयी है। जिसमें अध्यक्ष दीपक कुमार महतो, उपाध्यक्ष विकास मिंज, सचिव लखनलाल महतो, उप सचिव विकास महतो, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार महतो,उप कोषाध्यक्ष नरेश रावत, संरक्षक सुनील प्रसाद, ब्रह्मदेव उरांव,संतोष राम, अगनू देशवाली, रामा भुईयां, अमजद अली, मनोज महतो, नवरत्न गिरी, दीनदयाल नोनिया, सुरेश महतो,संतोष महतो, संदीप गुप्ता,पप्पू सोनी, राजेश कुमार, सेवा उरांव, जयपाल महंत को बनाया गया।

झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव बने खूंटी के हेजाज असदक

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन की कार्यकारिणी का हुए चुनाव में खूंटी के हेजाज असदक दूसरी बार निर्विरोध एसोसिएशन के महासचिव निर्वाचित हुए। इस संबंध में हेजाज असदक ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सत्र 2024 से 2028 के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं: अध्यक्ष विष्णु कुमार जलान, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, मसाचिव हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, संयुक्त सचिव शशि पांडेय, और मो नसीम उद्दीन। बताया गया कि चुनावी प्रक्रिया रिटर्निंग ऑफिसर रंजीत कुमार मेहता, अधिवक्ता झारखंड हाईकोर्ट की देखरेख में पूरी की गयी।

असंगठित मजदूरों को 25 हजार रुपये बोनस देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। एनके एरिया के असंगठित मजदूर की बैठक अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुयी। बैठक के दौरान मजदूरों के समस्या के लेकर चर्चा किया गया। मौके पर उपस्थित मजदूर नेता नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि आज एनके और पिपरवार एरिया में असंगठित मजदूर का संख्या दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहा है, अंसारी ने कहा कि संगठित मजदूरों के

साथ कदम से कदम ताल मिलाकर काम करते है। कहा कि कोयला उत्पादन में असंगठित मजदूरों का भी अहम योगदान रहता है, इसलिए जिस तरह संगठित मजदूरों को बोनस की घोषणा कोल इंडिया द्वारा किया गया है उसी तरह असंगठित मजदूरों को भी इस दशहरा पर्व में बोनस दिया जाये ताकि पूरा परिवार त्यौहार खुशी से मना सकें। अंसारी ने कोयला मंत्री से सभी असंगठित मजदूरों को 25000 रुपया बोनस देने का मांग किया है। संचालन अफजाल अंसारी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मिथुन राणा, इरशाद अंसारी, विजय सिंह, कृष्ण सिंह, अरविंद कुमार, अजय तूरी, शिवा तुरी, बबलू अंसारी, जसीम अंसारी, मुमताज अंसारी, वेद प्रकाश पांडेय, रवि कुमार, सोनू कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

रानी जलप्रपात से सिर कटा शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के प्रसिद्ध पर्यटनस्थल रानी जलप्रपात से मुरहू थाना की पुलिस ने मंगलवार को सिर कटा एक शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने रानी फॉल में सिर विहीन शव को देखा और इसकी जानकारी मुरहू थाने को दी। आशंका जताई जाती है कि विछले दिनों आई बाढ़ में बहकर शव रानी जल प्रपात के पास आकर पत्थरों में फंस गया होगा। जब बाढ़ का पानी कम हुआ, तो लोगों की नजर शव पर पड़ी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पशुपालन सह गव्य निदेशक ने किया खूंटी का दौरा, अधिकारियों को दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। पशुपालन सह गव्य निदेशक किरण पासी ने मंगलवार को जिला अनुश्रवण दल के वरीय पदाधिकारी के रूप में खूंटी जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खूंटी जिले में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्सय, भूमि संरक्षण इत्यादि प्रभागों में हो रहे विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अगले पांच वर्षों के लिए स्थानीय विशेष उपयोगी एंव गुणवत्ता वाले उत्पाद को जिला स्तर पर प्रचारित करते हुए विस्तार करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं प्रस्ताव विभाग को

भेजने का निर्देश दिया गया। सभी विभागों को बिरसा मुंडा की जन्म स्थली-ग्राम-उलीहातु को विभागीय योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक उपरान्त विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ0 अभिमन्यु प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी संतोष लकड़ा, सहायक निबंधक सहकारिता प्रभाग कुमार दीप एक्का, भूमि संरक्षण पदाधिकारी लोकेश कुमार, मत्सय पदाधिकारी ओडिलकान्ति एक्का एंव अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर आज कर्रा के जुरदाग में होगी विशेष ग्रामसभा

समाज की अमूल्य धरोहर हैं समाज के वरिष्ठ नागरिक : स्मिता नागेशिया

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर बुधवार को कर्रा प्रखंड के जुरदाग में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए गांव के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष आमंत्रण भेजा गया है। ग्रामसभा का आयोजन सक्षम पंचायत, विकसित भारत के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। ग्रामसभा में विकास और सशक्तीकरण के लिए वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और विचारों को मुख्य रूप से प्राथमिकता दी जायेगी। मौके पर पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो एवं संस्था के अन्य अधिकारी ग्राम पंचायतों में सहयोग करेंगे। प्रखंड

विकास पदाधिकारी कर्रा स्मिता नगेशिया ने बताया कि इस विशेष सभा में गांव के वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव के वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की धरोहर है, और उनके अनुभवों से हम भविष्य की योजनाओं को सही दिशा में ले जा सकते हैं। उनके विचार हमारे गांवों की विकास योजनाओं में नयी दृष्टि प्रदान करेंगे। ग्राम सभा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों से उनके जीवन के अनुभवों और गांव में देखे गये बदलावों पर चर्चा की जायेगी। वरिष्ठ नागरिकों की कहानियां हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी और गांव के विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। बीडीओ ने बताया कि विशेष ग्रामसभा का उद्देश्य ग्राम पंचायत विकास योजना को और अधिक प्रभावी बनाना है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/08/2024-25/RE-1

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	चतरा जिला के प्रखण्ड–हण्टरगंज, पंचायत–नावाडीह, ग्राम–खूटीकेवाल में चेतनाभारती खूटीकेवाल के पास धररी नदी पर पुल निर्माण।	3,58,04,700/-	7,16,100/-	10,000.00	18 माह

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –04.10.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–04.10.2024 से दिनांक–14.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा

PR 337837 (Rural Development)24-25*D

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति – अल्पकालिन आमंत्रण सूचना
अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/12/2024-25 Re tender

1	निविदा निकालने वाले पदाधिकारी	:–	कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2	निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक: 03.10.2024
3	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि	:–	दिनांक 13.10.2024 अपराहन 02:00 बजे तक।
4	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट	:–	केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5	निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान	:–	दिनांक: 14.10.2024 अपराहन् 02:00 बजे तक।
6	मद का नाम	:–	AMRUT 2.0
7	हेल्पलाईन नं0	:–	9962405690 8084609105

क्र0 सं0	वार्ड नं0	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	विपत्र का मूल्य	कार्य करने का समय
01	02	Rejuvenation Of Hesla Talab under Nagar Parishad Ramgarh	2069499.21	41390.00	5000	180 दिन

नोट:–
1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लंबित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 337790 District(24-25).D

इच्छा मृत्यु पर गाइडलाइन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इच्छा मृत्यु को लेकर जारी किए गए गाइडलाइंस के मसौदे ने इस पर जारी बहस को तेज कर दिया है। इंडियन मेडिकल असोसिएशन ने भी यह कहते हुए आपत्ति की है कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाये जाने का फैसला करने की जिम्मेदारी डॉक्टरों पर डालना ठीक नहीं है। इससे उन पर दबाव बढ़ जायेगा। इच्छा मृत्यु के भावनात्मक, कानूनी और चिकित्सकीय पहलू इससे जुड़े किसी भी मामले में फैसला लेना कठिन बना देते हैं। लेकिन फिर भी फैसला तो करना ही होता है। सुप्रीम कोर्ट भी 2018 में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की कुछ शर्तों के साथ इजाजत दे चुका है। ऐसे में फैसले की प्रक्रिया जितनी स्पष्ट और परिभाषित होगी, फैसला लेना और उसे लागू करना उतना आसान होगा। सरकार की ओर से गाइडलाइंस जारी करने की पहल के पीछे यही सोच है। गाइडलाइंस के मसौदे को देखें तो इसमें यह प्रयास स्पष्ट नजर आता है कि फैसला कई स्तरों पर परखे जाने के बाद ही अमल में आये। इसके मुताबिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम की जरूरत और उसकी उपयोगिता पर फैसला करने वाले प्राइमरी मेडिकल बोर्ड में प्राइमरी फिजीशन के अलावा कम से कम दो ऐसे एक्सपर्ट होंगे, जिनके पास कम से कम 5 साल का अनुभव होगा। इसके बाद सेकंडरी मेडिकल बोर्ड इस फैसले की समीक्षा करेगा, जिसमें सीएमओ द्वारा मनोनीत एक रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के अलावा दो एक्सपर्ट होंगे। इसके साथ ही पेशेंट के परिवार की सहमति भी जरूरी होगी। केस की बारीकी के आधार पर निष्कर्ष तो आज भी डॉक्टरों का ही होता है, लेकिन वे पेशेंट या परिजनों को पूरी स्थिति समझाते हैं और फिर पेशेंट या परिवार फैसला करता है। फैसला करने से डॉक्टरों की हिचक समझी जा सकती है। दरअसल, यह प्रफेशन ही मरीजों को बचाने का है। डॉक्टर आखिरी पल तक मरीज को बचाने का प्रयास करते हैं, भले ही कुछ मामलों में यह कोशिश नाकाम हो जाये। ऐसे में इलाज के दौरान किसी खास बिंदु पर उन प्रयासों से हाथ खींचने का फैसला स्वाभाविक ही कई डॉक्टरों को अपने पेशे से अन्याय लग सकता है। मगर यहां कई पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि जीवन की गरिमा के साथ ही मौत की गरिमा का सवाल भी जुड़ा है। फिर संसाधनों के सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल की भी बात है। अगर किसी मरीज के ठीक होने की संभावना नहीं रह गयी है, तो उन मेडिकल संसाधनों का उपयोग ऐसे मरीज को बचाने में करना बेहतर है, जिसे बचाया जा सकता हो। बहरहाल, सरकार ने गाइडलाइंस के इस मसौदे पर 20 अक्टूबर तक सुझाव मांगे हैं। उम्मीद की जाये कि आने वाले तमाम सुझावों की रोशनी में बनी गाइडलाइन ज्यादा उपयुक्त और ज्यादा व्यावहारिक होगी।

बहरहाल, सरकार ने गाइडलाइंस के इस मसौदे पर 20 अक्टूबर तक सुझाव मांगे हैं। उम्मीद की जाये कि आने वाले तमाम सुझावों की रोशनी में बनी गाइडलाइन ज्यादा उपयुक्त और ज्यादा व्यावहारिक होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

2018 में सरकार द्वारा आरंभ की गयी इस योजना में पहले केवल निर्धन वर्ग ही 5 लाख तक के कैशलैस कवर के जरिए इसका लाभार्थी बन सकता था। निम्न वर्ग के जो वरिष्ठ नागरिक पूर्व में ही इस योजना का लाभ उठा रहे थे, उन्हें अब 5 लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के जो वरिष्ठ नागरिक पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे विकल्प के रूप में पुरानी अथवा नयी योजना में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

बुजुर्गों का जीवन चिंतामुक्त बनाना सरकारों का दायित्व

दीपिका अरोड़ा

धन संचय मानव जीवन की प्राथमिकता मानना भले ही उपयुक्त न हो किंतु आत्मनिर्भरता के स्तर पर आर्थिक रूप से सुदृढ़ होना अपने आप में बहुत महत्व रखता है; विशेष रूप से वृद्धावस्था में, जब अप्रत्याशित रूप से बढ़त बनाते जा रहे रोगों के समुचित उपचार हेतु पर्याप्त धनराशि की आवश्यकता महसूस होने लगे। राष्ट्रीय स्तर पर वस्तुस्थिति का अवलोकन करें तो नियमित आय स्रोत उपलब्ध न होने के कारण बुजुर्गों की एक बड़ी संख्या चिकित्सीय लाभ उठाने से वंचित रह जाती है।

इसी बात को संज्ञान में रख कर हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की परिधि को विस्तार देते हुए, 70 वर्ष अथवा इससे अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इसमें शामिल करने का निर्णय लिया है।

वास्तव में यह विचार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र का ही अंश है, जिसके तहत सरकार बनने पर देश के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मुहैया करवाने का वायदा किया गया था। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत, देश के लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के करीब 6 करोड़ वरिष्ठजनों को 5 लाख रुपये के निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर से लाभान्वित करने की बात कही जा रही है। इसके अनुसार, उन्हें बिना किसी भेदभाव अलग से कार्ड जारी किये जायेंगे, भले ही उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। परिवार में 70 साल के दो बुजुर्ग होने पर उन्हें इस योजना का लाभ सांझे तौर पर मिलेगा।

महंगाई के दौर में संसाधनों की कमी के चलते अतिरिक्त खर्च उठा पाना सभी के लिए संभव नहीं।

केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का नियमित तथा सुचारू संचालन हो तो ही बुजुर्गों की अवस्था को लेकर समाज की वर्तमान तस्वीर बदल सकती है। बदलती तस्वीर का सकारात्मक रुख अपने आप में सर्वांगीण राष्ट्रीय विकास का द्योतक है, जो समयानुसार मिलते अनुभवों के साथ अपना दायरा विस्तृत करते हुए इससे जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी स्वयंमेव अपेक्षित विस्तार देता चला जाता है।

2018 में सरकार द्वारा आरंभ की गयी इस योजना में पहले केवल निर्धन वर्ग ही 5 लाख तक के कैशलैस कवर के जरिए इसका लाभार्थी बन सकता था। निम्न वर्ग के जो वरिष्ठ नागरिक पूर्व में ही इस योजना का लाभ उठा रहे थे, उन्हें अब 5 लाख रुपये टॉप-अप कवर मिल सकेगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के जो वरिष्ठ नागरिक पहले ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं एवं अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, वे विकल्प के रूप में पुरानी अथवा नयी योजना में से किसी एक का चयन कर सकते हैं।

परिवर्तित समय की बात करें तो हमारा सामाजिक परिदृश्य बड़ी तेजी से बदल रहा है। आजीविका उपार्जन हेतु परदेस जाने की विवशता अथवा स्वतंत्र जीवन जीने की अभिलाषा के चलते संयुक्त परिवार व्यवस्थाएं टूट रही हैं, जिसका सीधा असर बुजुर्गों के रहन-सहन पर पड़ा है। एकाकीपन का दंश सहने के साथ निरंतर गिरता स्वास्थ्य संभालने की सोच एक बड़ी चिंता बन कर उभरने लगी है। राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्गों को आर्थिक सुदृढ़ता, आवासीय सुरक्षा अथवा संतोषजनक चिकित्सीय सुविधा मुहैया करवाने के विषय में हमारी व्यवस्थाएं अनेक पाश्चात्य देशों की अपेक्षा कहीं पीछे हैं।

निजी क्षेत्र की चिकित्सा महंगी होने के कारण बहुत से लोगों की पहुंच से बाहर है, जबकि सरकारी चिकित्सा का ढांचा संतोषजनक नहीं आंका जा सकता। महंगाई के दौर में संसाधनों की कमी के चलते अतिरिक्त खर्च उठा पाना सभी के लिए संभव नहीं। नाममात्र की जमापूंजी यदि दैनिक आवश्यकर्ताओं की पूर्ति तक ही सीमित हो, तो ऐसे में समस्याओं का गहराना स्वाभाविक है। हैल्पएज इंडिया एनजीओ द्वारा किये गये एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण से संबद्ध आंकड़े, भारत के कम से कम 47 प्रतिशत वृद्धजन आर्थिक रूप से अपने परिवारों पर आश्रित होने तथा 34 प्रतिशत बुजुर्ग पेंशन एवं सरकारी नकद हस्तांतरण पर निर्भर होने की बात बताते हैं।

कोलियर्स इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुमानानुसार वैश्विक स्तर पर अगले तीन दशकों में 60 वर्ष से ऊपर के 2.1 अरब लोगों में से, भारत की हिस्सेदारी 17% होगी, जोकि देश में वरिष्ठ नागरिक देखभाल के लिए महत्वपूर्ण मांग वृद्धि का संकेत देने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में अधिक निवेश की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करती है। अनुभवी बुजुर्ग देश की अमूल्य धरोहर हैं। उनका जीवन चिंतामुक्त बनाना परिवार, समाज, प्रशासन एवं सत्तारूढ़ सरकारों का प्रथम दायित्व होना चाहिए।

केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से व्यय वहन करने वाली आयुष्मान भारत योजना निःसंदेह बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक एवं स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो सकती है, बशर्ते कार्यान्वयन प्रक्रिया को सतही आधार पर प्रत्येक प्रकार से ठोस बनाकर सुविधाओं का दुरुपयोग रोकना सुनिश्चित किया जाये। सरकारों के लिए यह देखना भी अनिवार्य है कि 6 करोड़ वृद्धजनों के लिए इलाज हेतु जिलों में पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध हैं या नहीं! ढांचा उपयुक्त न होने से बहुतेरी योजनाएं मात्र कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाती हैं।

केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का नियमित तथा सुचारू संचालन हो तो ही बुजुर्गों की अवस्था को लेकर समाज की वर्तमान तस्वीर बदल सकती है। बदलती तस्वीर का सकारात्मक रुख अपने आप में सर्वांगीण राष्ट्रीय विकास का द्योतक है, जो समयानुसार मिलते अनुभवों के साथ अपना दायरा विस्तृत करते हुए इससे जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी स्वयंमेव अपेक्षित विस्तार देता चला जाता है।

देश-विदेश की खबरें

केंद्रीय मंत्री ने किसान और किसान संगठनों से किया संवाद

किसानों को घटिया बीज नहीं मिले, इसके लिए कानून को और कड़ा बनाने को लेकर विचार करेंगे : शिवराज

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रत्येक मंगलवार किसान और किसान संगठनों से संवाद के क्रम में मंगलवार नयी दिल्ली में किसान संगठनों के सदस्यों से चर्चा की। श्री चौहान ने किसान संगठनों के आये सभी अध्यक्ष, संयोजक व किसानों का स्वागत किया। किसान संगठनों ने कृषि की लागत कम करना, लाभकारी मूल्य देना, फसलों को पानी के भराव से बचाना, कीटनाशक व अच्छा बीज मिल सके और फसल को पशुओं से कैसे बचा सकें आदि के संबंध में चर्चा की एवं कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। श्री चौहान ने बताया कि किसान अनियंत्रित कीटनाशकों एवं उर्वरकों के उपयोग से धरती के स्वास्थ्य के खराब होने को लेकर भी चिंतित हैं और सरकारी योजनाओं की जानकारी सभी तक कैसे पहुंचे, ताकि सभी किसान उसका लाभ उठा पायें।

किसानों ने कहा कि जानकारी के अभाव में कई बार किसान योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। फसल बीमा योजना अच्छी योजना है, लेकिन सभी किसानों का बीमा नहीं हो पाता है। किसान क्रेडिट कार्ड पर पैसा मिलने के संबंध में भी किसानों ने सुझाव दिये हैं। किसानों ने कई व्यवहारिक समस्याएं सामने रखी हैं जैसे ट्रांफार्मर के जलने पर उसे समय सीमा में बदला जाये, ताकि फसल की सिंचाई प्रभावित न हो। किसानों ने फैक्ट्रियों से दूषित पानी निकलने और उससे फसलें या भूमिगत जल खराब होने की समस्या पर भी चर्चा की। मेरे लिए यह चर्चा बहुत उपयोगी है, क्योंकि किसानों की सेवा ही भगवान की पूजा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों की समस्याएं ऐसी हैं कि दिखने में छोटी लगती हैं, लेकिन इनका समाधान हो जाये तो किसानों की 10 से 20 प्रतिशत आमदनी बढ़ जायेगी। इसलिए हमने तय किया है कि जो केंद्र सरकार से संबंधित समस्याएं हैं, जैसे किसानों को घटिया कीटनाशक एवं बीज न मिलें, इसके लिए कानून को और कड़ा बनाने आदि को लेकर केंद्र सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कि कई चीजें ऐसी हैं, जो राज्य सरकारों को करनी हैं। किसानों के राज्यों से संबंधित सुझाव हम राज्य सरकारों को भेजेंगे।

उन्होंने बताया कि किसानों ने मैनुअल सर्वे से रिकार्ड को मेंटेन करने से होने वाली परेशानी से बचने को लेकर भी सुझाव दिये हैं, जो कि बहुत ही उपयोगी हैं। मैं किसानों को बहुत धन्यवाद देता हूं कि वे चर्चा के लिए आये और उन्होंने अपने बहुमूल्य सुझाव दिये। हमें जो सुझाव मिले हैं उन पर मिल कर काम करेंगे और समस्याओं के समाधान पर राज्य सरकारों के साथ मिल कर भी प्रयास करेंगे।

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा के पैर में गोली लगी, रिवॉल्वर रखते वक्त मिसफायर

मुंबई (आजाद सिपाही)। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। उन्हें खुद की रिवॉल्वर से गोली लगी। वो रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गयी। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल दी गयी है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय गोविंदा घर में अकेले थे। उनके पास एक लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रिवॉल्वर से गलती से गोली चली, जो उनके पैर पर लगी। इस मामले से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गयी है। मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार मुंबई पुलिस ने घटना के बाद गोविंदा की रिवॉल्वर जब्त कर ली है। दोपहर में मुंबई पुलिस उनके घर पर जांच के लिए पहुंची है।

सुपरस्टार रजनीकांत अस्पताल में भर्ती

चेन्नई (आजाद सिपाही)। सुपरस्टार रजनीकांत को 30 सितंबर की देर रात चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें पेट दर्द की शिकायत बतायी जा रही है। उधर अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को रजनीकांत की दिल से जुड़ी सर्जरी की जायेगी। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। रजनीकांत की पत्नी लता ने कहा कि सब ठीक है। वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ साई सतीश ने महाधमनी में एक स्टेंट लगाया और सूजन को पूरी तरह से बंद कर दिया। रजनीकांत स्थिर हैं और ठीक हो रहे हैं। वह दो दिन में घर भी लौट जायेंगे।

सितंबर में जीएसटी से 1.73 लाख करोड़ आये

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सरकार ने सितंबर 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, यानी जीएसटी से 1.73 लाख करोड़ रुपये जुटाये हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.5% की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने पिछले साल सितंबर में 1.62 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्ट किया था। वहीं पिछले महीने अगस्त में सरकार ने जीएसटी से 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाये थे। जीएसटी कलेक्शन इकोनॉमी की ओवरऑल हेल्थ का एक संकेतक है। अप्रैल महीने के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़ों पर केपीएमजी के नेशनल हेड अभिषेक जैन ने कहा कि अब तक का हाइएस्ट जीएसटी कलेक्शन मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को दर्शाता है।

कॉमर्शियल सिलेंडर 48 रुपये महंगा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 1 अक्टूबर से 48 रुपये महंगा हो गया है। दिल्ली में अब ये 1740 रुपये का मिलेगा। इसके अलावा एविएशन फ्यूल के दाम घटने से हवाई सफर सस्ता हो सकता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को 6,099 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) तक घटा दिया है।

जम्मू-कश्मीर में 5 बजे तक 65% वोटिंग

श्रीनगर (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण की वोटिंग मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई। 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर 5 बजे तक 65.48% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91% वोटिंग हुई। सबसे कम बारामूला में 55.73% मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक चलने वाली वोटिंग में 39.18 लाख वोटर्स शामिल हो रहे हैं। तीसरे फेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी फेज में 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं।

दो बहनों से जुड़ा केस : कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

सद्गुरु के ईशा फाउंडेशन की 150 पुलिस अधिकारियों ने ली तलाशी

आजाद सिपाही संवाददाता

चेन्नई। कोयंबटूर के थोंडामुथुर स्थित ईशा फाउंडेशन के आश्रम में सोमवार को 150 पुलिसकर्मियों की एक टुकड़ी ने छापेमारी की। इस ऑपरेशन का नेतृत्व एक सहायक उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी ने किया, जिसमें तीन डीएसपी भी शामिल थे। यह कार्रवाई मद्रास हाई कोर्ट द्वारा फाउंडेशन के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों पर रिपोर्ट मांगे जाने के एक दिन बाद की गयी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस छानबीन में आश्रम के सभी निवासियों का विस्तृत सत्यापन और कमरों की तलाशी ली जा रही है। यह छापेमारी उस याचिका के बाद की गयी, जिसमें एक रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ एस कमराज ने दावा किया था कि उनकी दो बेटियां, गीता कमराज (42) और लता कमराज (39), फाउंडेशन में जबरन रखी गयी हैं। प्रोफेसर ने आरोप लगाया कि ईशा फाउंडेशन लोगों का मानसिक नियंत्रण कर उन्हें संन्यासी बना रहा है और उनके परिवारों से संपर्क तोड़ रहा है।

याचिका पर सुनवाई के दौरान,

कोर्ट ने ईशा फाउंडेशन के संस्थापक जग्गी वासुदेव (सद्गुरु) के जीवन में पाये गये विरोधाभासों पर सवाल उठाये। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और वी शिवगणनम ने पूछा कि साधगुरु, जिन्होंने अपनी बेटी की शादी कर उसे सुखी जीवन दिया है अन्य युवतियों को सिर मुंडवा कर संन्यासी जीवन जीने के लिए क्यों प्रेरित कर रहे हैं?

प्रोफेसर कमराज की याचिका में उनकी बेटियों की पेशेवर उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया है। याचिका के अनुसार उनकी बड़ी बेटी यूके के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से मेक्ट्रोनिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उसने 2008 में अपने पति से तलाक के बाद ईशा फाउंडेशन में योग कक्षाएं लेना शुरू किया था। बाद में उनकी छोटी बेटी, जो सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं, वह भी आश्रम में रहने लगी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फाउंडेशन ने उनकी बेटियों को ऐसा भोजन और दवाइयां दीं, जिससे उनकी मानसिक स्थिति कमजोर हो गयी और उन्होंने परिवार से संपर्क तोड़ दिया।

हालांकि कोर्ट में पेश होने पर दोनों बेटियों ने दावा किया कि वे अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं और उन पर कोई दबाव नहीं है, लेकिन न्यायाधीश पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए। जस्टिस शिवगणनम ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि अपनी बेटी की शादी करने और उसे अच्छा जीवन देने वाले व्यक्ति ने दूसरों की बेटियों को संन्यासी जीवन जीने के लिए क्यों प्रेरित किया है?

याचिकाकर्ता के अनुसार उस डॉक्टर पर आदिवासी सरकारी स्कूल की 12 लड़कियों से छेड़छाड़ का आरोप है। ईशा फाउंडेशन की ओर से अधिवक्ता के राजेंद्र कुमार ने तर्क दिया कि वयस्क अपने जीवन के फैसले स्वयं लेने का अधिकार रखते हैं, जिसमें आध्यात्मिक मार्ग चुनना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कोर्ट का इस प्रकार के निजी फैसलों में हस्तक्षेप अनुचित है।

थाइलैंड में स्कूल बस में आग, 25 स्टूडेंट्स की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। थाइलैंड में एक स्कूल बस में आग लगने से 25 छात्रों की मौत हो गयी है। बस में 44 लोग सवार थे, जिनमें से 16 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल रेस्क्यू वर्कर्स बाकी बच्चों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। आग लगने की वजह अब तक सामने नहीं आयी है। हालांकि मौके पर मौजूद चश्मदीदों का कहना है कि बस का टायर फटने की वजह से आग लगी। हादसा बैंकॉक के खू खोट इलाके में मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। बस एक स्कूल ट्रिप से लौट रही थी। बस में 3 से लेकर 15 साल की उम्र तक के बच्चे मौजूद थे। इसके अलावा इनके साथ 5 टीचर भी सवार थे। बस का ड्राइवर फरार है। थाइलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा ने हादसे में जाने गंवाने वाले बच्चों के परिजनों के प्रति शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को घटनास्थल पर जाकर हालात का जायजा लेने का आदेश दिया है।

वहीं देश के गृह मंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा कि बचावकर्मियों के पहुंचने के बाद भी बस इतनी ज्यादा गर्म थी कि उसके अंदर जाना बेहद मुश्किल था। इस वजह से हादसे के काफी देर बाद तक शव बस में ही थे।

वाराणसी के 14 मंदिरों से साईंबाबा की मूर्तियां हटायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी में सनातन रक्षक दल ने मंगलवार को 14 मंदिरों से साईं बाबा की मूर्तियां हटा दीं। दल के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि सनातन मंदिर में सनातन देवी-देवता होने चाहिए। साईं बाबा की कुछ मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया गया और कुछ को उनके मंदिरों में पहुंचाया जा रहा है। सनातन रक्षक दल ने अभी 100 और मंदिरों की लिस्ट बनायी है। तीन दिन पहले शहर के सबसे प्रमुख बड़ा गणेश मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति को हटा कर गंगा में विसर्जित किया गया था। पुरुषोत्तम मंदिर से भी मूर्ति हटायी जा चुकी है। इसके अलावा कई मंदिरों में मूर्तियों को सफेद कपड़े में लपेट कर रख दिया गया है।

सनातन रक्षक दल के बड़ी संख्या में सदस्य लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर पहुंचे थे। यह ऐतिहासिक मंदिर है, यहां रोज हजारों भक्तों की भीड़ रहती है। मंदिर परिसर में 5 फीट की साईं मूर्ति भी स्थापित थी। सनातन रक्षक दल के सदस्य यहां से साईं की मूर्ति को कपड़े में लपेट कर ले गये और गंगा में विसर्जित कर दिया।

उधर समाजवादी पार्टी ने कहा कि ये लोग काशी का माहौल खराब कर रहे हैं।

हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होगी ऐतिहासिक: आदित्य साहू

पीएम मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

सांसद मनीष जायसवाल ने किया आवाह्न, पीएम की सभा में अधिक से अधिक संख्या में हो शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए हजारीबाग प्रमंडलीय प्रभारी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर हजारीबाग प्रमंडल तैयार है। क्षेत्र की जनता को प्रधानमंत्री का इंतजार है। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गांव गांव से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोगों में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकरे खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकास कार्यक्रमों को लेकर आम जनता उत्साहित है। हेमंत सरकार की लूट, भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टिकरण से जनता निजात पाना चाहती है। लोगों में कांग्रेस, झामुमो और राजद के प्रति बेहद गुस्सा देखा जा रहा है।

श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारीबाग में आयोजित तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जिसमें बिनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर के बिनोदिनी पार्क में होने वाले पहले सरकारी कार्यक्रम में वह कई राष्ट्रीय योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। तत्पश्चात पीएम नरेंद्र मोदी मटवारी मैदान पहुंचेंगे जहां दो अलग-अलग कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे और भाजपा की परिवर्तन यात्रा का परिवर्तन महासभा के माध्यम से समापन करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हजारीबाग आगमन बड़ी सौगात है। एक साथ यहां कई कार्यक्रमों में उनका भाग लेना हजारीबाग के लिए बड़ा दिन है। पीएम नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर विश्वविद्यालय से लेकर गांधी मैदान तक सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दिया गया है। कार्यक्रम स्थल के साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहे और हरेक मार्ग को फ्लेक्स पोस्टर और बीजेपी झंडा से पाट दिया गया है। पीएम मोदी के स्वागत के लिए हजारीबाग को दुल्हन की तरह सजाया गया है और जनता उनके आगमन को लेकर काफी उत्साहित है।

पीएम नरेंद्र मोदी के हजारीबाग आगमन को लेकर एक सप्ताह से लगातार सांसद मनीष जयसवाल संपर्क अभियान में लगे हुए हैं। वह जगह-जगह बैठक कर लोगों को सभा में भाग लेने की अपील कर रहे हैं। इस क्रम में सोमवार की देर रात्रि तक कार्यक्रम स्थल में जम रहे और फिर मंगलवार की अहले सुबह से लेकर देर रात तक कार्यक्रम के सफल संचालन और कार्यक्रम स्थल में जन-सुविधा मुहैया करने को लेकर निरीक्षण करते रहे। पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बिनोदिनी पार्क का राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, यूपी की राज्यसभा सांसद सह भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह, छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश महामंत्री सह प्रमंडलीय प्रभारी मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदर विधानसभा प्रभारी आरती कुजूर, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता आनंद देव, अरविंद जी सिकरवार, जीतू जैन, दामोदर सिंह, विवेक जोशी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने निरीक्षण कर जायजा लिया और तैयारी पूर्ण होने की बात कही। आह्वान किया कि आमजन सभा में आयें।

विधायक ने पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 23 से पंचायत के मुखिया मंगल उरांव के घर तक 1000 फीट तक का पीसीसी पथ का निर्माण का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने सहित पंचायत के गणमान्य लोगों ने शिलापठ से पर्दा हटाकर और नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नवीन जयसवाल ने कहा कि नगरी प्रखंड क्षेत्र हो या रातू प्रखंड क्षेत्र दोनों प्रखंड का विकास करना मेरा लक्ष्य है। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी लाल प्रमोद सिंह लालगुटवा के पंचायत मुखिया मंगल उराव, उप मुखिया प्रवीण उरांव मनीष तिर्की, कमलेश ओहदार, नरेश बैठा मिथिलेश कुमार प्रेम गोप, विजय महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

रिंगरोड रामपुर-विकास सड़क पर हेसल स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा पर वसूली शुरू

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रिंगरोड रामपुर-विकास सड़क पर हेसल स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा पर मंगलवार से टोल टैक्स की वसूली शुरू कर दी है गयी। टोल टैक्स की वसूली एनएचआई के साथ हुये करार के बाद इगल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा की जा रही है। टोल प्लाजा के प्रबंधक प्रमोद रॉय ने बताया कि टोल प्लाजा से 20 किमी के दायरे तक के नीजि कार चालकों से प्रतिमाह 340 रुपये टोल टैक्स निर्धारित किया गया है। फास्ट टैग वाली कार चालकों को टोल प्लाजा पार करने पर 70 रुपये और लौटने पर 35 रुपया देने होंगे। वहीं हल्के चारपहिया व्यवसायिक वाहनों से 110 रुपये और लौटने पर 55 रुपये जबकि ट्रक-बस चालकों को 230 और 115 रुपये देना होगा। इधर टोल टैक्स वसूली शुरू किए जाने की सूचना पाकर यहां पहुंचे ग्रामीणों ने मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में ग्रामीण स्थानीय लोगों से टॉल टैक्स नहीं लेने तथा टॉल प्लाजा में स्थानीय ग्रामीणों को काम पर रखने की मांग कर रहे थे। इधर ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी सड़क पर ही टैक्स वसूली शुरू कर दिया गया है। अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। जबकि कई जगहों पर सर्विस रोड अपुर्ण है। कई जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गया है।

आजादी के सात दशक गुजर जाने के बाद भी गढ़ाटोली के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं : पारसनाथ

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। नामकुम के सिलवे पंचायत में मंगलवार को आजसू पार्टी की बैठक ग्राम प्रभारी आशा टोप्पो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि देश की आजादी के इतने दशक गुजर जाने के बाद भी सिलवे पंचायत के गढाटोली गांव के लोग सड़क, पुल पुलिया, पानी, बिजली, चिकित्सा आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आज भी इन समस्याओं से यहां के ग्रामीण जूझ रहे हैं। पारसनाथ उरांव ने कहा कि यदि जनता आजसू पार्टी को नेतृत्व का मौका देती है तो फिर झारखंड में विकास को एक नया आयाम दिया जायेगा। मौके पर आजसू नेत्री सह उपप्रमुख वीणा कुमारी, चूल्हा प्रमुख मंगल तिर्की, राजू तिर्की, आइती देवी, सुनीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

206 वृद्धजनों को दिया गया उपकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत मंगलवार को गेतलसूद में एक शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। इस शिविर में 206 वृद्धजनों के बीच कान की मशीन, व्हील चेयर, वाकर, हेंड वाकर, एलएस बेल्ट, स्टिक आदि सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के पथ प्रदर्शक हैं। इनका हमेशा सम्मान और सहायता किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के अध्यक्ष तबरेज अंसारी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों ने विभिन्न मांगों को लेकर रक्षा राज्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा मिडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, सुजीत कुमार, मुखिया शांती मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, राजेंद्र मुंडा, अजय उरांव, मनोज चौधरी, शंकर बैठा, जितेन्द्र उरांव, कामेश्वर महतो, तबरेज अंसारी, शीला कुमारी, रामदयाल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

झारनेट की खराब सर्विस से कांके अंचल के सभी कार्य ठप, अधिकारी और जनता परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके। अंचलों की कार्य व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता लाने को लेकर झारखंड सरकार द्वारा अंचल के सीओ, सीआई और कर्मचारियों को कार्यालय में ही बैठकर कार्य संपन्न करने हेतु इंटरनेट सर्विस झारनेट से सभी अंचलों को जोड़ा गया था। बीते माह झारनेट की सेवा कांके अंचल में देने हेतु इसके पूरे सेटअप को लगाने में लगभग 10 दिन लगे थे। इस दौरान कांके अंचल में सभी तरह के कार्य ठप पड़ गये थे। अब झारनेट की सेवा सभी जगह लगा दी गयी है। इसके बावजूद भी झारनेट की सेवा सर्विस इतनी खराब है कि कोई भी अंचल का कार्य नहीं हो रहा है। सीओ,

सीआई, कर्मचारी, आम जनता सभी परेशान हैं। अंचल के अधिकारी बताते हैं कि झारनेट की सेवा काफी स्लो चलती है। पूरे दिन भर में 6-7 दाखिल खारिज का ही कार्य होता है। अगर थोड़ी स्पीड भी पकड़ी और जैसे ही कर्मचारी दाखिल खारिज का रिर्पोट को बढ़ाते है या जमीन की रकबा को घटाने आदि का प्रोसेस करते है वैसे ही इसमें एरर शो करने लगता है। उसके बाद जमीन सुधार संबधी साइट खोलने पर कर्मचारी, सीआइ, सीओ के लॉगइन पर ओटीपी नहीं आता है।जिससे अंचल में जमीन सुधार का कार्य पूरी तरह ठप है।जिसके कारण कोई भी कार्य अंचल में संभव नहीं हो पा रहा है। दूर दराज से कार्य कराने आये रैयत घंटों बैठकर यहां परेशानी झेलकर अपने घर जा रहे हैं। सेवा में सुधार को लेकर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेश कुमार मनीष ने रांची उपायुक्त, अपर समाहर्ता और मुख्यमंत्री से झारनेट की सेवा में शीघ्र सुधार करने की मांग की है। जिससे यहां का कार्य सुचारू रूप से हो सके और नहीं सुधार होने पर पुरानी व्यवस्था ही लागू करने की मांग इन्होंने अधिकारियों और सरकार से की है।

वृंदावन के गुफा में दर्शन देंगी मां दुर्गा, तैयारी जोरों पर

नामकुम (आजाद सिपाही)। जय माता दी क्लब नामकुम रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति की ओर से उत्तर प्रदेश के वृंदावन गुफा के तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पूरे पंडाल को प्लाई बोर्ड और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाया गया है। इसके अलावा गुफा के ऊपर 16 फीट की मां दुर्गा एवं 10-10 फीट की भगवान शंकर और हनुमान जी का प्रतिमा स्थापित कर दी गयी है। पंडाल का निर्माण बंगाल के पुरुलिया से आए कारीगर कर रहे है। पंडाल की चौड़ाई 60 फीट और लंबाई 40 है। पंडाल के अंदर मां दुर्गा की प्रतिमा 12 फीट एवं मां सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश एवं कार्तिक की प्रतिमा 10-10 फीट की होगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा और कमेटी के सदस्य भक्तों की सुरक्षा में लगे रहेंगे। पूरे आयोजन में 18 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं, महाअष्टमी को खीर और महानवमी को खिचड़ी भोग का वितरण किया जायेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष भी पूजा समिति कोई चंदा नहीं ले रही है। पूरा खर्च नामकुम समाजसेवी विनोद सिंह के द्वारा किया जा रहा है। बता दें कि पूजा पंडाल में रखी दानपेटी में मिली हुई दान, किसी गरीब के बेटी की शादी में दी जायेगी।

पाठ योजना बना कर स्कूलों में पढ़ाना एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हम सभी का लक्ष्य : लीलावती

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को प्रखंड के सभी सरकारी और अल्पसंख्यक विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की गुरुगोष्ठी आयोजित की गयी। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की ने कहा कि विभाग के निर्देशों का त्वरित गति से अनुपालन करना, विद्यालय के माहौल को शैक्षणिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ करना, पाठ योजना बनाकर स्कूलों में पढ़ाना और बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। इस मौके पर बीआरपी रेशम शाहदेव, लालकेश्वर यादव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु लाल मिथिलेश कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधान शिक्षकों में यू धनेश्वर राव, उपेंद्र सिंह, जीवेश्वर साय, प्रकाश उरांव, राणा जितेंद्र, सुनील सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षकों में मौके पर मौजूद थे।

झारखंड आंदोलनकारी अमर का नामकुम में स्वागत

नामकुम (आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति रांची के बैनर तले झारखंड आंदोलनकारी सह शिक्षक की सरकार के रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने की खुशी में उनका नामकुम में भव्य स्वागत किया गया। समिति के सचिव नन्हे कच्छप के अगुवाई में रामपुर रिंग रोड स्थित शांति फैमिली रेस्टोरेंट में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समिति के सदस्यों ने अमर महतो को बुके देकर व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। नन्हे कच्छप ने कहा कि अमर सर ज्ञान के सागर है। वे शिक्षा को क्षेत्र में बढ़ाने का कार्य किए है। जिसके लिए सर को समिति के द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रकाश लकड़ा, प्रदीप तिर्की, नन्हे कच्छप, पास्कल लकड़ा, चामू बेक, उत्तम गोप, बिरिश मिंज, लक्ष्मण लकड़ा, शंकर तांती, अनिल लकड़ा, बुधराम स्वासी, जितेंद्र राय आदि उपस्थित

विद्यासागर स्कूल बेड़ो व मुरतो में गांधी जयंती मनायी गयी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो और मुरतो में मंगलवार को गांधी जयंती मनायी गयी। जहां सर्वप्रथम रघुपति राघव राजा राम भजन से विशेष प्रार्थना सभा का शुभारंभ किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ललन कुमार सिंह ने छात्रों को बताया कि महात्मा गांधी जी हम सब भारतीयों के लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। वहीं शिक्षकों ने गांधी जी के जीवन और उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया। वहीं छात्रों ने गांधी जी की कलाकृति बनायी और उनकी वेशभूषा में खुद को सजाते हुए बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो और बुरा मत सुनो का संदेश दिया। मौके पर स्कूल की सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

विधायक ने किया खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खेल दिवस मनाते हुए मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत खेल किट का वितरण किया गया। जहां मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण किया। जिसमें मुख्य रूप से जर्सी, फुटबॉल, जूता, मोजा आदि दिया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खेल किट का वितरण कर रही है। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ ही खेल में जीवन संवारने के लिए असीम संभावनाएं है, गांव में प्रतिभाएं कुंठित ना हो इसके लिए पंचायत के प्रत्येक गांव में खेल किट का वितरण किया जा रहा है। सरकार गांव में खेल मैदान बनवा

रही हैं युवा इस मैदान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने गांवों में सिद्धो कान्हू क्लब का गठन किया था। यहां खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव में खुले सिद्धो-कान्हू क्लब को प्रोत्साहित करने के लिए 25000 रुपय दिया जा रहा है। वहीं प्रखंड के चार गांवों में बने भैंसादोन, ईंटा, रोगो व टेंगरिया को 25000 रुपये का चेक दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल के माध्यम से बेहतर खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम कर रही है। इसलिए आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी जारी रखें। वहीं नेट बॉल में प्रखंड से बेहतर प्रदर्शन करने वाले चार खिलाड़ियों को विनय कुमार, मनीता कच्छप, मिला कुमारी व शिवानी कुमारी को आगामी चार अक्टूबर को रांची के शौर्य भवन में झारखंड सरकार खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया जायेगा।

मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोददसिर हक बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रताप मिंज जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी, मुकेश कुमार करमा उरांव, देवनिश तिग्गा, अनमोल टोप्पो मो फहीम, शशि गोप सहित खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग थाना परिसर लापुंग में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। इस बैठक में दुर्गा पूजा मनाने वाले पूजा समिति के लोग शांति व्यवस्था के लिए अपने कमिटी बनायें और पूजा संपन्न करायें। लापुंग, दानेकेरा, ककरिया दोलैचा में दुर्गा पूजा मनाया जाता है। बीडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई का त्योहार है, इसे मिल जुल कर मनाने की बात जरूरत है। मौके पर प्रमुख कंचन उरांव, थाना प्रभारी, संतोष कुमार यादव, एस आई राजेंद्र कुमार महतो, एएसआई कृपा सिंह के अलावे सभी पूजा पंडाल के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

इटकी अंचल में नये सीओ ने पदभार संभाला

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी अंचल में मंगलवार को नये सीओ मो० अनीश ने पदभार संभाल ग्रहण कर लिया है। जबकि पूर्व सीओ विजय कुमार को पूर्वी सिंहभुम जिला के डुमरिया अंचल में पदस्थापना किया गया है। इधर इटकी बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग को भी जिला मुख्यालय ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थापित किया गया है। कार्यक्रम में नये सीओ मो अनीश को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया, वहीं पूर्व सीओ विजय कुमार को कई उपाहार देकर विदाई दी गयी। मौके पर सीओ अनीश ने कहा कि क्षेत्र के विकास कर समाज उत्थान करना ही पहला प्राथमिकता होगा। जमीन का मोटेशन हो या फिर अन्य कार्य के लिए लोग खुद सहजता पूर्वक अंचल कार्यालय पहुंचे और न्यायसंगत कार्य कराऐं। कार्यक्रम में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग,बीपीआरओ रईस मलिक, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ,सभी कर्मचारी अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

महालया आज, कलश स्थापना के साथ कल से शुरू होगा दुर्गोत्सव

घट स्थापना का शुभ मुहूर्त गुरुवार की प्रातः 06:15 मिनट से प्रातः 07:22 मिनट तक का मुहूर्त शुभ है। इस दौरान घट स्थापना करना श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी है

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का त्योहार महालया के साथ आज से शुरू हो जायेगा। गुरुवार को मंदिरों व घरों में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जायेगी। 12 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर मां की प्रतिमा के विसर्जन के साथ त्योहार का समापन होगा। माता के उपासक नौ दिनों तक नवदुर्गा के पाठ में लीन रहेंगे। रेडियो और टीवी पर महालया के श्लोक व चंडी पाठ के अमोघ अहले सुबह से ही सुने जायेगे। इधर प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी, मुरतो, तुको, दिघिया, ईंटाचिल्द्री और घाघरा में शारदीय नवरात्र की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। हर तरफ उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। पूजा पंडालों को जहां अंतिम रूप देने में कारीगर लगे हैं, वहीं मूर्तिकार भी जीवंत रूप देने में जुटे हुए हैं। चहुंओर माता रानी के गीतों से गांव गूंजने लगे हैं। पूजा के लिए बेड़ो बाजार भी तैयार है। वहीं पूजा समितियों द्वारा विभिन्न तरह के आकृतियों के पंडाल के निर्माण किये जा रहे हैं। इधर, पूजन सामग्रियों की दुकानों के अलावा फल दुकानों में भी बिक्री शुरू हो गयी है। मूर्तियों में साज-सज्जा का कार्य दिन रात चल रहा है। इधर दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो द्वारा कलश स्थापना के साथ ही नवह्यन परायण का पाठ और नव रात्रि का पूजा होगा। साथ ही महासमिति ने इस बार पचास केफिट ऊंचे रावण का रंगारंग आतिशबाजी के साथ रावण दहन भव्य और आकर्षक होगा।

हटिया विस्थापित परिवार ने डीवीसी के अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा

नगरी सीओ और डीवीसी के अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते हटिया विस्थापित परिवार समिति के सदस्य।

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय नगड़ी में हटिया विस्थापित परिवार समिति की पहल पर नया सराय मुड़मा के वैसे सभी 6 परिवार जिन्हें घर हटाने का नोटिस देकर प्रशासन के द्वारा घर तोड़ने को लेकर दबाव बनाया जा रहा था, वैसे सभी पीड़ित परिवार के लोगों के साथ अंचलाधिकारी की उपस्थिति में डीवीसी के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में प्रतिनिधि मंडल में डीवीसी के अधिकारियों को एक मांग पत्र सौंपा मांग पत्र के अनुसार डीवीसी के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को 3 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति के साथ-साथ कुआं और बोरिंग के लिए अलग से क्षतिपूर्ती राशि और 3 महीना समय देने की बात स्वीकारी गयी। प्रतिनिधिमंडल ने पारस नाथ महतो जो की भूमिहीन है, उन्हें कहीं पर सरकारी जमीन आवंटित करने की मांग अंचल अधिकारी के सामने रखी गयी है, जिस पर अंचल अधिकारी ने पूर्ण सहयोग करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव कलाम आजाद महावीर मुंडा और अनिल महतो ने किया।

4 अक्टूबर को विधायक कमलेश कुमार सिंह कार्यकर्ताओं संग भाजपा में शामिल होंगे

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। एनसीपी हुसैनाबाद अनुमंडल कमेटी के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने की। एनसीपी के पलामू जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्णय से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। इस पर एक-एक कार्यकर्ता ने प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 4 अक्तूबर को वह सभी अपने नेता कमलेश कुमार सिंह के साथ भाजपा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में एनसीपी का एक-एक कार्यकर्ता कमलेश कुमार सिंह के साथ है। वह जहां जायेंगे, एक एक कार्यकर्ता उनके साथ रहेंगे। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरी, ओमप्रकाश राजवंशी, हंसराज सिंह, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, विजय राजवंशी समेत अन्य शामिल थे।

डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर एनीमिया जागरूकता रथ को किया रवाना

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर एनीमिया जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के सभी 21 प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में एनीमिया के प्रभाव और बच्चों के संदर्भ में जागरूकता का प्रसार करेगी और एनीमिया सिकल सेल के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। रथ के अलावे विभिन्न नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को एनीमिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

पिता के हत्यारों की गिरफ्तारी और न्याय के लिए भटक रहा बंगाली उरांव का बेटा, 15 माह बाद भी न्याय से वंचित

छतरपुर(पलामू) (आजाद सिपाही)। 15 माह पूर्व हुई बंगाली उरांव की निर्मम हत्या का मामला अभी भी अनसुलझा है। उनके बेटे द्वारा लगातार अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने के बावजूद भी पुलिस ने अब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया है। बंगाली उरांव को 15 महीने पहले गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी, लेकिन इसके बावजूद न्याय की राह में अड़चनें बरकरार हैं। मृतक के बेटे ने छतरपुर थाना से लेकर एसडीपीओ, एसपी, डीआईजी और आईजी तक कई बार आवेदन दिया है, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता के चलते अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और मृतक के परिजनों को लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे वे दहशत में जीने को मजबूर हैं। बंगाली उरांव के परिवार के लिए यह समय न केवल दुखद है बल्कि न्याय से वंचित रहने की निराशा भी उनके जीवन में गहरा असर डाल रही है। परिजनों ने न्याय की गुहार लगाते हुए प्रशासन से हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। समाज के लोग भी इस घटना से आक्रोशित हैं और जल्द न्याय मिलने की उम्मीद में पुलिस प्रशासन से उचित कदम उठाने की अपील कर रहे हैं।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

प्रकाशन
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-X की बोर्ड परीक्षा-2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's®
वर्मा गेस®
CLASS – X
2025
मूल्य ₹290 मात्र
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
बोर्ड परीक्षा के लिए
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Hindi, English, Mathematics, Science, Social Science and Sanskrit
All Subjects Combined in ONE BOOK

बहनों की आवाज बनूंगी : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सलतुआ ग्राम में चौपाल लगाते हुए कहा कि 3 तारीख से मां दुर्गा जी की पूजा शुरू होने वाली है, जहां पूरा देश में नारी शक्ति स्वरूप मां की पूजा 10 दिनों तक होगी। श्रीमती शंकर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम आधी आबादी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर अस्त्र-शस्त्र दे दिया है अब हम बहनों की आवाज लोकसभा, विधानसभा और निकाय से लेकर गांव के खलियान तक गूंजेगी। एक समय था जब हम बहनों को अबला तक कहा जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री ने हम बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर आवाज दे दी है। प्रथम महापौर ने चौपाल में आयी सभी बहनों से कहा, मैं आप सबों की आवाज बनूंगी और हर दुख-सुख में आप सबों के साथ खड़ी रहूंगी। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने पूर्णकालिक भाजपाई को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार राम ने किया।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की डॉ कौशल की दीर्घायु की कामना

मंत्री अन्नपूर्णा देवी को आम का पौधा देते ट्री मैन डॉ कौशल

पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल को उनके 71वें जन्म-दिन पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व बनाराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने अपने 71वें जन्मदिन पर पर्यावरण धर्म के पहले मूल मंत्र के तहत केंद्रीय महिला विकास और शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पौधा दान किया। उन्होंने गुमला और पलामू में पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर अपने 71वां जन्मदिन पर देश दुनिया के तमाम लोगों को प्रदूषण से मुक्ति और सुखद जीवन की कामना की। मौके पर पर डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, उमेश यादव, अरुण यादव, सुभाष गुप्ता, बसंत गुप्ता, सुचित जायसवाल, चंदन विश्वकर्मा, सत्य सिंह सहित उपस्थित कई लोगों ने भी डॉ कौशल के सुखद व स्वस्थ रहने की कामना की।

बीइइओ ने किया 9वीं की एसए-1 परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

एसए-1 परीक्षा का निरीक्षण करते हुए बीईईओ।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के हार्वेसोन भैली उच्च0 विद्यालय सीमेंट वर्क्स परीक्षा केंद्र, जपला में 9वीं वर्ग के एसए-1 की परीक्षा में 723 छात्राएं शामिल हुई। परीक्षा का औचक निरीक्षण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हुसैनाबाद के रामनरेश राम ने किया। निरीक्षण के क्रम में बीईईओ ने कदाचार मुक्त तथा शांतिपूर्ण परीक्षा लेने का निर्देश दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ शुजाउल हक, प्रमोद कुमार वात्स्यायन, संतोष कुमार, वीक्षक अनिल कुमार पासवान, अभय राम, पप्पू पासवान, अनिल कुमार सिंह, मनोज, सुनील, धर्मेंद्र पासवान, जय, अजय सिंह आदि मौजूद थे।

एके सिंह कॉलेज जपला में शारीरिक विकास और पोषण माह पर सेमिनार का आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। एके सिंह कॉलेज जपला में एनएसएस के द्वारा बच्चों के शारीरिक विकास एवं पोषण माह पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने की। प्राचार्य, शिक्षक प्रतिनिधि और आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्रों में दिव्या कुमारी, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, शीतल कुमारी, काजल कुमारी, किरण कुमारी, आलोक कुमार तथा सत्यम कुमार ने पोषण संबंधी अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष - सह- खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो० राहुल कुमार सिंह ने किया। वहीं अध्यक्षीय भाषण प्राचार्य सूर्य मणि सिंह सिंह ने विस्तार पूर्वक दिया । इस कार्यक्रम में प्रो० शशि भूषण, प्रो० रेखा कुमारी सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

हरियाली लाने का संकल्प लिया है : केएन त्रिपाठी

प्रतिज्ञा यात्रा के समापन पर शिवाजी मैदान में गरजे केएन त्रिपाठी कहा, केवल नारो और जुमलो से देश आगे नही बढ़ता

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय शिवाजी मैदान में प्रतिज्ञा यात्रा के 22वां दिन प्रतिज्ञा यात्रा के समापन पर महासम्मेलन का अयोजन किया गया। जहां डाल्टनगंज विधानसभा के विभिन्न प्रखंडो से हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सर्व प्रथम शंभू चौरसिया ने कहा कि हमने देखा 2019 में वोकस वोट कोसियारा में डालने का विरोध किया तो कितना हंगामा खड़ा कर दिया गया। चाहे जो हो जाए वोकस वोट नहीं देने देंगे, ये वादा है। वहीं हूंटार निवासी दिलीप चंद्रवंशी ने कहा कि यहां तो लगता भी नही कि कोई विधायक हैं।

प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर जपला का शानदार प्रदर्शन

बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 35वां प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा में आयोजित प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के भैया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया। प्रतियोगिता में किशोर वर्ग के भैया नीतीश कुमार ने 3000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल और भैया अभिजीत सिंह ने 5000 मीटर वाकिंग चाल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करते हुए गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित भैया 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाली 35वां क्षेत्रीय खेलकूद समारोह भागलपुर, बिहार में सम्मिलित होंगे। प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भैया के शानदार प्रदर्शन करने से विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, कामख्या नारायण सिंह, सतीश सिंह, अजय गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शारीरिक आचार्य अभिषेक कुमार पाठक, राजकुमार सिंह, शशि कुमार, दीपक पांडेय सहित विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी ने विजेता भैया को बधाई एवं शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल, प्रमाण-पत्र प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कांके सीओ जयकुमार राम का कोर्ट में सरेंडर, भरा एक लाख का बेल बांड, हर सुनवाई पर होना होगा उपस्थित

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम के आरोपी कांके सीओ जय कुमार राम ने मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसके बाद उसने कोर्ट में गुहार लगाते हुए एक लाख रुपये का बेल बांड प्रस्तुत किया। कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कांके सीओ पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। जय कुमार राम की ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की। बता दें कि कांके से जुड़े लैंड स्कैम में जय कुमार राम समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ इडी ने पिछले दिनों आरोप पत्र कोर्ट में सौंप दिया है। उसके बाद उसके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। जय कुमार राम ने कोर्ट में अंडरटेकिंग दिया कि वे इस केस की सुनवाई के दौरान सभी तारीखों में सशरीर उपस्थित रहेंगे।

अवैध शराब भट्टी के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत अवैध शराब भट्टी के विरुद्ध मंगलवार को पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक अवैध शराब भट्टी से सात प्लास्टिक का ड्रम को जब्त करते हुए करीब चार क्विंटल जावा महुआ विनष्ट की गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि बिहार सीमा से सटे कुलहिया गांव के बाहर अवैध शराब निर्मित किया जा रहा था। छापामारी अभियान चला कर भट्टी को ध्वस्त कर दिया गया।

बसपा का कार्यकर्ता महासम्मेलन सह मिलन समारोह आज

जानकारी देते बसपा प्रदेश अध्यक्ष।

विश्रामपुर (पलामू)। बसपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता महासम्मेलन सह मिलन समारोह दो अक्तूबर को विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित जनता उच्च विधालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया है। जिसमे पार्टी के प्रदेश प्रभारी सहित कई केंद्रीय नेता शामिल होंगे। इसकी जानकारी बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अन्य पार्टियों के सैकड़ों लोग बसपा मे शामिल होंगे। उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया है।

नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या, घटना की जांच में जुटी पुलिस

हरिहरगंज/पलामू। थाना क्षेत्र के समीप एनएच 139 किनारे सूरज गुप्ता के 20 वर्षीय बहू मिंक्की देवी फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली किंतु आत्म हत्या के कारण का अब तक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची हरिहरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दी है। हालाकि इस दौरान मृतक के ससुराल वाले फरार बताए गए। आस पास लोगों के अनुसार मिंक्की की शादी विगत अप्रैल माह में हुई थी। वह इसके पहले भी आत्म हत्या करने का प्रयास की थी। लोगों ने बताया कि मंगलवार की सुबह मृतक के पति सौरभ गुप्ता, भैसुर, देवर और ससुर अपने अपने काम पर चले गए थे। जबकि बड़ी और छोटी बहू (मृतिका) घर पर ही थे। आत्म हत्या की खबर बड़ी बहू ने अपने परिजनों और मुहल्ले के लोगों को दी। जिस घर में मिंक्की ने आत्म हत्या की थी उस घर का कुंडी अंदर से बंद था। जिसे परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से फांसी पर लटके शव को नीचे उतारा था। घटना के संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्म हत्या है। लेकिन घटना के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा: स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान

छतरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा पखवारा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सुनील कुमार और प्रधानाध्यापक चन्दन कुमार ने बच्चों को संबोधित किया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए काम करना चाहिए। प्रधानाध्यापक चन्दन कुमार ने कहा कि स्वच्छता से हमारा स्वास्थ्य और समृद्धि जुड़ी हुई है। हमें अपने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाए और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की। स्कूल के परिसर की स्वच्छता के लिए भी काम किया गया। इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करना है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
RCD, ROAD DIVISION, JAMSHEDPUR, JHARKHAND
Very Short e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
Very Short e-Tender Reference No. RCD/JAMSHEDPUR/1745
Date- 01.10.2024

1.	Name of the work	IRQP Work of Chakulia Matihani road (Length- 27.49 K.M.) for the year 2024-25
2.	Estimated Cost of Work (in INR)	Rs 17,55,95,074.84 (Rupees Seventeen Crore Fifty Five Lakh Ninety Five Thousand Seventy Four and paisa Eighty Four Only)
3.	Initial Bid Security (Rs In Lacs)	Rs 17.56 Lakh (Rupees Seventeen Lakh Fifty Six Thousand only).
4.	Initial Bid Security in the shape of	Initial Bid Security - As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023
5.	Cost of Bidding documents	Rs 10,000 (Rs Ten Thousand) only.
6.	Time of Completion	08 (Eight Months)
7.	Date of Publication of Tender on website	04.10.2024 at 12.30 P.M.
8.	Start date of bidding	04.10.2024 from 12.30 P.M.
9.	Last date & Time for online bidding	14.10.2024 up to 02.00 PM.
10.	Type of Bid	Two envelope mode (Technical and Financial Bid)
11.	Last date & time for receipt of Bid Security and other documents in Online form	14.10.2024 Through e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023
12.	Date & time for opening of Technical Bid	15.10.2024 at 3.00 PM by e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi
13.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, RCD, Road Division, Jamshedpur, Road No.- 1, CH Area.
14.	Contact no. of Procurement officer	0657-2227724
15.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

Above informations are only indicative. Detail NIT & SBD publised on Tender portal shall be final and mandatory. Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
PR 337810 Road(24-25)D
Executive Engineer
RCD, Road Division, Jamshedpur

भगवान राम की भक्त माता सबरी समरसता की थी प्रतीक : रामचंद्र

विधायक ने कधवन केवाल टोला पर नव निर्मित मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रतिमाओं का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड अंतर्गत केवाल टोला के नवनिर्मित माता सबरी मंदिर में मंगलवार को भगवान राम, लक्ष्मण और माता सबरी की प्रतिमा धार्मिक अनुष्ठान के बीच स्थापित की गयी। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पूजा अर्चना के बाद प्रतिमाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी व संचालन उपेंद्र तिवारी ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि सनातन धर्म बिना किसी भेदभाव के सभी को एक साथ लेकर चलने का संदेश देता है। भगवान राम की भक्त माता सबरी समरसता की प्रतीक थीं। हमारा प्रयास है कि सभी देवी देवताओं का मंदिर क्षेत्र के हर गांवों में बने। मंदिर निर्माण में हर संभव मदद किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों के अनुरोध पर गांव के एक कच्ची सड़क को निजी खर्च से बनवाने की घोषणा की। यहां बताते चलें कि माता सबरी मंदिर का निर्माण विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने निजी खर्च से करवाया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, संजय चंद्रवंशी, अनिल, संजय, धीरेंद्र, रामानंद, शिवकुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2024–25

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिशद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से F_2 प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक) :–दिनांक–08.10.2024
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक–09.10.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक–09.10.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

गुप संख्या	एक्टिविटि क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	89681228	मरकच्चो प्रखण्ड के जामू पंचायत के प्रदीप कुमार के आम पेड से जामू धर्मशाला तक पेवर ब्लॉक	500000.00	10000.00	750.00	03 माह
02	88391509	हीरोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम तेतरियाडीह में नवसृजित विद्यालय तेतरियाडीह से लेकर श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण	773900.00	16000.00	1250.00	03 माह

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

PR 337801 Panchayati Raj(24-25)#D

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

एनएसयूआइ ने की डीएसडब्ल्यू से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद (आजाद सिपाही)। कुछ दिनों पहले एस एस एल एन टी साइकोलॉजी डिपार्टमेंट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने कदम उठाए थे जो की यूनिवर्सिटी की तरफ से कहा गया कि उसे ठीक किया जाएगा लेकिन अभी तक उसका कुछ समाधान नहीं निकला जिस कारण मंगलवार 01अक्टूबर को फिर से एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी डीएसडब्ल्यू से मुलाकात की और बताया कि अभी तक रिजल्ट ठीक ना किए जाने पर छात्रों को पीजी का फॉर्म भरने में परेशानी हो रही है। जिस कारण छात्रों का यह साल बर्बाद हो सकता है यह सुन डीएसडब्ल्यू ने कहा कि इसका समाधान जल्दी किया जायेगा तथा पीजी के फॉर्म भरने की तिथि को भी बढ़ाया जायेगा। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय छात्र प्रतिनिधि राज रंजन सिंह, सुन्नी सिंह, प्रिया गुप्ता, आयुष सिंह, ध्रुव, दीपक, श्रुति, अलेक्का, अनु, दीक्षा तथा अन्य छात्र मौजूद थे।

बीडीए कॉलेज पिछरी में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन

पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। बिंदेश्वरी दुबे आवासीय महाविद्यालय पिछरी में एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको द्वारा कॉलेज परिसर की साफ सफाई की गयी तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाया जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। जिसका उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा पंकज कुमार जोरियार ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। उनका विचार था कि स्वच्छता राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। इस कथन को मूर्त रुप देते हुए महाविद्यालय में लगातार स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम होते रहे हैं। इस अभियान में स्वयं सेवकों में रजनी कुमारी, अनिशा कुमारी, सुमन कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनाली कुमारी, अर्चना अग्रवाल, मुस्कान कुमारी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर शिक्षक प्रो आसीत कुमार घोषाल, प्रो केतकी सिन्हा, प्रो विजय कुमार पाण्डेय, डेजी सिंह, संध्या कुजूर, प्रो सुकुन्डा कुजुर, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

बैदकारो में भीषण सड़क हादसा, पेड़ से टकराने के कारण कार चालक की मौत

बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)। गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैदकारो मंत्री मोड के समीप बस डिपो के पास हीरक सड़क पर मंगलवार को दोपहर लगभग २.३० बजे सड़क किनारे एक पेड़ से कार टकरा गया। हादसे में कार चालक राकेश सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक डीवीसी बेरमो माइंस में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कि राकेश सिंह डीवीसी बेरमो माइंस से मारुति कार संख्या जेएच 10 सीए 6949 से अंबेडकर चौक बारीग्राम की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। हादसे में कार चालक राकेश सिंह की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे गांधीनगर थाना के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो समाजसेवी सिंटू तिवारी कपिल रविदास सहित स्थानीय लोगों के सहयोग से कार चालक को इलाज के लिए ढ़ोरी रिजनल अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत श्री सिंह को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शव को अस्पताल के मर्चरी में रखा गया है। कार चालक राकेश सिंह बिहार राज्य के छापरा जिला का निवासी है। धटनास्थल पर समाजसेवी कार्तिक महतो, महादेव महतो, देवी सिंह, राजन चंद्रवंशी, बीकू, सौरभ सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

फुसरो-बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह प्रखण्ड के बेलडीह पंचायत स्थित न्यू अकील तुमाल क्लब, बेलडीह द्वारा दो दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाई स्कूल, बेलडीह के सामने ग्राउंड में किया गया है। इसका समापन बुधवार को किया जायेगा। इसका शुभारंभ बेरमो विधायक का निजी सचिव विनोद महतो, 20 सूत्री सदस्य मुरलीधर साव, प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष सह गांगजोरी पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष महतो, राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बाल को की मार कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस आयोजन के लिए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के द्वारा सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सहयोग प्रदान किया।

धनबाद में जमीन कारोबारी की गोली मार कर हत्या, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सदर थाना इलाके के नावाडीह में जमीन कारोबारी को सटा कर गोली मारी गयी असर्फी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी है। मौके पर धनबाद पुलिस के डीएसपी और थानेदार छानबीन कर रहे हैं। घटना स्थल के आसपास का सीसीटीवी भी खंगाला जा रहा है। धनबाद में मंगलवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है। अपराधियों ने गोली मारकर शहाबुद्दीन सिद्दीकी नामक जमीन कारोबारी की हत्या कर दी है। गोली मारने के बाद बाईक सवार तीन अपराधी भाग निकले। मरने वाला पांडरपाला का रहने वाला शहाबुद्दीन सिद्दीकी बताया गया है। बता दें कि विनोद बिहारी चौक के पास में शहाबुद्दीन सिद्दीकी का कार्यालय है, वह झरिया से लौटकर ऑफिस जा रहे थें कि घात लगाये अपराधियों ने सटाकर गोली दाग दी। उसके बाद आनन फानन में उसे अशर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी है।

डीएसपी विधि व्यवस्था, डीएसपी साइबर, डीएसपी ट्रैफिक भी पहुंचे, मामले की जांच पुलिस कर रही है। डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार ने बताया कि जो भी अपराधी घटना में शामिल है उसकी छानबीन चल रही है उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

जामाडोबा डिग्री कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर डिग्री कॉलेज हो: भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। जामाडोबा डिग्री कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर डिग्री कॉलेज होना चाहिए। संविधान निमार्ता के नाम से एक ऐतिहासिक स्थान धनबाद में नहीं है। इस कॉलेज में डॉ भीमराव अंबेडकर की आदम कद प्रतिमा भी बननी चाहिए। साथ ही कॉलेज में उनके नाम से एक हाईटेक लाइब्रेरी होना चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि बाबासाहब की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने दलित, वंचित के लिए जो किया वह भुलाया नहीं जा सकता है।

भाजपा नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि यह आंदोलन इतिहास के पन्नो पर लिखा जयेगा। जब तक नाम नहीं रखा जाता आंदोलन जारी रहेगा। राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया ने कहा कि जब तक डिग्री कॉलेज का बाबासाहब के नाम से नहीं होता यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। बप्पी बाउरी ने कहा कि नाम से साथ कॉलेज को हाईटेक बनाने तक आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान राजकुमार अग्रवल, योगेंद्र यादव, प्रियंका देवी, राजकिशोर जेना, अखिलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी, अर्जुन निषाद, अजय दास, अवधेश साव, अजय निषाद, बलराम हरी, राजेश हरी, विनेश भुइंया, संजय बाउरी, शंकर मुंडा, एबीवीपी नगर प्रमुख बिनेश वर्मा, बैजनाथ बाउरी, बैजनाथ कुमार, रत्नेश भुइंया, ब्रह्मानंद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

सम्मानित कर मना अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सबलपुर, सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों का आश्रम स्थल ओल्ड एज होम में मंगलवार को बहुत ही श्रद्धा से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आश्रम में धनबाद के अवर न्यायाधीश सह डालसा के सचिव राकेश रौशन, धनबाद जिला समाज कल्याण विभाग की पदाधिकारी अनीता कुजूर समाज कल्याण विभाग नियाज अहमद समेत धनबाद के कई समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने ओल्ड एज होम पहुंचकर समस्त वृद्धजनों को माला पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा आज बुजुर्गों के सम्मान का दिन है। धनबाद में दो वृद्धजनों का आश्रम है जिनके अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने आग्रह किया की आज के दिन कम से कम 5 मिनट के लिए भी ओल्ड एज होम आए जो कोर्ट से नजदीक ही है। जबकि आज कोर्ट डे है, लेकिन उनका आदर सम्मान के लिए आजसे अच्छा कोई दिन नहीं हो सकता था वृद्धजनो संग सेलिब्रेट करने का यह सोचकर आश्रम में उन्हें सम्मानित करने पहुंचा हूं। लेकिन फिर भी आज सोसाइटी में जो भी ऐसे बेटे हैं जो इस हालत में अपने माता-पिता को छोड़ चुके हैं, उनसे प्रार्थना रहेगा की आपका ऐसा कोई दिन नहीं रहे जिस दिन आपको बिना मां-बाप के बिना जीना पड़े। और जब से न्यायाधीश राकेश रौशन धनबाद आये हैं तभी से आश्रम के वृद्धजनों का बहुत ही ख्याल रख रहे हैं। साथ साथी आज के दिन आश्रम में आए हुए पंख एक नई दिशा के सदस्याओं, रोटी बैंक एवं अन्य संस्थाओं का बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने आज आश्रम पहुंच कर समस्त वृद्धजनों को सम्मान और सेवा दिया है। साथ ही साथ आश्रम में वृद्ध जनों के जीवन यापन एवं स्वास्थ्य के प्रति किसी तरह का सहयोग करने वाले सारे बेटे बेटियों का मैं नमन करता हूं जिनके सहयोग से जिन बच्चों ने अपने मां बाप को छोड़ दिया है उन असहाय प्यार के भूखे माता पिता तुल्य वृद्धजनों को हम सब प्यार, सम्मान अपनापन और सुविधा देकर आश्रम संचालित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर मंजू दास, डी पी सी रेखा सिंह, लालदेव रजक जिला कार्यक्रम सहायक फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतू तिवारी, ऋतु गुप्ता, रंजना सिंह, नम्रता गुप्ता, पंख एक उड़ान की पिंकी गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सोनी वर्मा, कल्पना रंजन, श्रुति, रवि कुमार, शशि शेखर, सुधा गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, रिंकू, आदि उपस्थित थे।

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878
e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No: -JUIDCO/NIT/Gumla WSS/JMDP/2024/632
Date: 01/10/2024
Tender ID: - 2024_JWB_93042_1 PR No.: - 335634

Corrigendum- 1

All bidders are hereby informed that Corrigendum- 1 is released for tender having details as mentioned above for "Design, Build and 5 Year Operation Services of Water Supply System for Gumla Nagar Parishad Jharkhand". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.
Note: Corrigendum- 01 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (http://jharkhandtenders.gov.in)
PR 337865 Urban Development and Housing (24-25)_D

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। डीसी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने पेंडिंग हिट एंड रन केस के मामलों में जल्द उचित कारवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। आगे जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि ब्लैक स्पॉट की जगह हादसों में कमी लाई जा सके।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

" सूचना "

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 वर्ष– 2024–25 दिनांक–27.09.2024 का P.R. No.- 337513 Road (24-25)*D द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

क्रमांक	विवरणी	पूर्व में आमंत्रित तिथि	संशोधित तिथि
1.	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक 15.10. 2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक।	दिनांक 16.10. 2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक।

शेष यथावत रहेंगे।
PR 337765 (Road)24-25*D

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल,रामगढ़

प्रयास इंडिया ने ऑनलाइन अभिविन्यास कार्यक्रम का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। बी.आई.टी. सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित स्वयंसेवी संस्था 'प्रयास इंडिया' ने 1 अक्टूबर 2024 को एक सफल ऑनलाइन अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए प्रथम वर्ष के छात्रों को संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों से परिचित कराना था। इस आयोजन में बीआईटी सिंदरी के निदेशक 'डॉ. पंकज राय' अभिविन्यास प्रभारी आर.के. वर्मा समन्वयक प्रो. संजय पाल और प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त, कई अन्य छात्रों ने भी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया, जिसका उल्लेख कार्यक्रम के दौरान किया गया। प्रयास इंडिया के स्वयंसेवकों ने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर दिया और उन्हें प्रेरित किया, जिससे कार्यक्रम को सफलता मिली।

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(पशुपालन प्रभाग)
कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा

-: आम सूचना :-

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत चतरा जिला को 11 (ग्यारह) पशु चिकित्सालय के लिए AMBULANCE (चलन्त पशु चिकित्सालय) उपलब्ध करायी गयी है। यह चलन्त पशु चिकित्सालय कार्य दिवस में 08:00 AM से 08:00 PM बजे तक सेवा देने हेतु उपलब्ध रहेगी। यह चलन्त पशु चिकित्सालय पशु के रोग की तीव्रता के अनुसार पशुपालक के घर जाकर अपनी सेवा देगी।

यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। इस चलन्त पशु चिकित्सालय की सेवा प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नं0 – 1962 पर डायल करें।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 337754 Animal Husbandry (24-25)_D

छह सूत्री मांगों को लेकर मजदूरों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

नावाडीह (ऊपरघाट)। डीवीसी बोकारो थर्मल नुरीनगर स्थित ऐश पौंड में कार्यरत 54 मजदूरों ने छः सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को डीवीसी छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य को अनिश्चितकालीन के लिए ठप कर दिया और धरना में बैठ गये। मजदूर नेता शहादत हुसैन, उमेश राम, प्रेमचंद महतो, इकबाल अंसारी कादीर हुसैन आदि मजदूरों ने बताया कि डीवीसी छाई ऐश पौंड निर्माण से लगातार आज दस वर्ष हो गये हैं। लेकिन मजदूरों का पहचान पत्र आज तक निर्गत नही किया गया है। मजदूरों के साथ रात या दिन में मजदूर अपने ड्यूटी आते समय कही प्रशासन के द्वारा चैकिंग लगाया जाता है उस समय मजदूरों के पास प्रशासन को दिखाने के लिए मजदूरों के पास कुछ नहीं रहता है। ऐसी स्थिति में मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। और ना मजदूरों को मास्टर रूल से पेमेंट, सभी मजदूरों को ईपीएफ, प्रत्येक महीना 10 तारीख से पहले भुगतान, सभी मजदूरों को पहचान पत्र, सभी मजदूरों को वार्षिक बोनस, महीने में मजदूरों को 04 दिन छुट्टी सहित अन्य समस्याओं के लिए मजदूर अपनी आवाज को 10 वर्षो से लगातार उठाते आ रहे हैं। लेकिन डीवीसी प्रबंधन और कंपनी मजदूरों के हक अधिकार से वंचित रखने का काम करते आ रहे हैं। मजदूर अपने खून पशीना एक करके दिन रात डीवीसी और कंपनी के हित में काम करते हैं ताकि डीवीसी और कंपनी का मुनाफा हो। लेकिन डीवीसी प्रबंधन और कंपनी मजदूरों के साथ शोषण जुल्म अत्याचार करने से कही नही चूकती है। जबकि मजदूरों के संघर्ष से ही डीवीसी और कंपनी खड़ी होती है। अगर डीवीसी प्रबंधन और कंपनी मिलकर मजदूरों की मांग पर अगर पहल नहीं करती है तो मजदूर डीवीसी छाई ट्रांसपोर्टिंग कार्य अनिश्चित कालीन के लिए ठप रहेगा। मौके पर शहादत हुसैन कादिर हुसैन, इजराइल अंसारी, किशोर महतो, प्रेमचंद महतो, भागीरथ तुरी, उमेश राम, मुरारी, मुबारक अंसारी, साबिर हुसैन, जावेद अंसारी, निर्मल महतो, ताज मोहम्मद, अब्दुल लतीफ,भीम यादव, दिलीप राम,अब्दुल सलाम, जिब्रेल अंसारी, पुरन महतो, सुरेंद्र महतो, पवन महतो, नारायण महतो, महेश महतो, दुर्गा किस्कू, मनोज बेसरा, नरेश टुडु, जैबून निशा, पनवा देवी, इतवारिया देवी आदि लोग शामिल थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

अति अल्पकालीन "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0 04, दिनांक 30.05.2024 के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत कोडरमा जिला के जलाशयों तथा पुराने आर0एफ0एफ0 में मेजर कार्प तथा ग्रास कार्प के मत्स्य बीजों के संचयन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेजर कार्प एवं ग्रास कार्प के मत्स्य बीजों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता/मत्स्य बीज उत्पादकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है –

1. मेजर कार्प 0.75 प्रति पीस एवं ग्रास कार्प 1.50 प्रति पीस के दर निर्धारित है, स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को जो इस वर्ष विभागीय स्पॉन प्राप्त कर मत्स्य अंगुलिका तैयार किये हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
2. मेजर कार्प अंगुलिका एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 02 लाख मत्स्य अंगुलिका ही क्रय किये जाएगें।
3. मत्स्य अंगुलिका का जलाशय में संचयन उपायुक्त महोदय द्वारा गठित समिति एवं जलाशय के निबंधित सहयोग समिति के सदस्यों की उपस्थिति में किया जाएगा।
4. स्थल निरीक्षण के उपरान्त भंडारित बीज की गुणवत्ता के आलोक में आपूर्तिकर्त्ता/बीज उत्पादक के चयन पर अन्तिम निर्णय लिया जाएगा।
5. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा स्वतः परिवहन कर कोडरमा जिला के जलाशयों तक गुणवक्तायुक्त स्वास्थ्यकर अवस्था में बीज की गणना कर समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को संचयन करना होगा।

सुयोग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता–सह–मत्स्य बीज उत्पादक (जिनके पास मत्स्य बीज भंडारित है) जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा से निःशुल्क प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 09.10.2024 के अपराहन् 05:00 बजे तक "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आवेदन जमा कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 337763 (Fish)24-25*D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in

सम में 'कानून और मनोचिकित्सा' नामक एक सीएमइ का किया गया आयोजन

ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों के लगभग 160 मनोचिकित्सकों ने भाग लिया।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मनोचिकित्सा विभाग, आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल द्वारा शनिवार को यहां 'कानून और मनोचिकित्सा' शीर्षक से एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों के लगभग 160 मनोचिकित्सकों ने भाग लिया। इस सीएमई में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी और अदालत कक्ष में अदालती कार्यवाही के लिए खुद को कैसे तैयार करना चाहिए, सीएमई का आयोजन अस्पताल द्वारा भारतीय मनोरोग सोसायटी (आईपीएस) राज्य शाखा के सहयोग से किया गया था। इस सीएमई के विभिन्न सत्रों में देश भर के पांच प्रख्यात मनोचिकित्सकों ने भाग लिया और चर्चा की। प्रख्यात मनोचिकित्सक प्रोफेसर (डॉ.) एस. नांबी ने 'विवाह, मानसिक बीमारी और भारतीय कानून' के बारे में चर्चा की, वहीं प्रोफेसर (डॉ.) नवीन कुमार ने 'कोर्ट रूम में मनोचिकित्सकों' के बारे में अपनी राय दी। इसी प्रकार, गया के प्रोफेसर (डॉ) लक्ष्मी नारायण ने 'मनोचिकित्सा में प्रमाणन' विषय पर चर्चा की। एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) इवान एस नेट्टो मनोचिकित्सा विभाग, बीजे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और सैसन अस्पताल और प्रोफेसर (डॉ) श्रीनिवास सिंगीसेटी ने चर्चा में भाग लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता आईपीएस ओड़िशा शाखा के अध्यक्ष प्रो (डॉ) रजनी कांत शुक्ला ने की और कहा कि डॉक्टर जो लिखते हैं उसका चिकित्सकीय और कानूनी दोनों ही महत्व होता है।

इसी प्रकार, सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रबीर कुमार पटनायक ने 'कानून और मनोचिकित्सा के बीच अंतरसंबंध' के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएमएस और सम हॉस्पिटल के डीन प्रो. संघमित्रा मिश्र ने शिरकत की और कहा कि मेडिकल पेशे से जुड़े लोग कानूनी तौर पर कमजोर हैं और कहा कि यह सीएमई उनके लिए मददगार साबित होगी। इस कार्यक्रम में आईएमएस और सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार, मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) सुरजीत साहू, आईपीएस ओड़िशा शाखा के उपाध्यक्ष प्रो (डॉ) शुभेंदु नारायण मिश्र, जनरल एडिटर डॉ देवदता महापात्र, सीएमई समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार महापात्र और कार्यकारी संपादक डॉ. जितेंद्र बिस्वाल उपस्थित रहे और बक्तव्य रखे।

किट-कीस के संस्थापक महान शिक्षाविद् प्रो अच्युत सामंत को 'महात्मा पुरस्कार' पुरस्कार से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। नयी दिल्ली में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर किट और किस के संस्थापक प्रो डॉ अच्युत सामंत को प्रतिष्ठित 'महात्मा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। आदित्य बिड़ला समूह द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रो डॉ सामंत को इन क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए यह पुरस्कार मिला। अपने भाषण में प्रो डॉ सामंत ने आभार व्यक्त किया और पुरस्कार को किट और किस परिवार को समर्पित किया। उन्होंने उरफ गुड बुक की संपादिका और महात्मा पुरस्कार की निदेशिका मुग्धा अरोड़ा के साथ-साथ आयोजन समिति को भी इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

गांधी आश्रम सेक्टर 2 में महात्मा गांधी जयंती समारोह आज

- **सैमफोर्ड अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती समारोह गांधी आश्रम सेक्टर 2 रांची में मनाया जायेगा। संस्थापक गांधी आश्रम एवं गांधी आश्रम परिवार, भारतीय जन कल्याण परिषद गांधीवादी मोख्तार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। इसमें सैमफोर्ड अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर्स, जिसमें (हृदय, हड्डी, जेनरल एवं अन्य रोगों के डॉक्टर्स) एवं आईरिस नेत्र अस्पताल के डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच पुस्तक वितरित की जायेगी। साथ ही 100 बुजुर्गों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 1975 में गांधी आश्रम की स्थापना की गयी थी, उस समय से गांधी जयंती मानते आ रहे है।

एनटीपीसी बोंगाइगांव क्यूसीएफआइ सीसीक्यूसी में कई स्वर्ण पदक जीते

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एनटीपीसी बोंगाईगांव ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) सीसीक्यूसी 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, इसकी चार टीमों ने महत्वपूर्ण चुनौतियों के लिए अपने अभिनव समाधानों के लिए स्वर्ण पुरस्कार हासिल किए हैं। रसायन विज्ञान विभाग के दल यू-235 ने श्यामल बनर्जी (सहायक), अपूर्वज्योति दास (नेता), अनामिका दत्ता, सुभद्रा बासुमतारी और विद्युत देबनाथ के नेतृत्व में 24 सितंबर 2024 को कोलकाता चैप्टर में सीडब्ल्यू केमिकल डोजिंग सिस्टम की बार-बार अनुपलब्धता को संबोधित किया और स्वर्ण पदक जीता। सी एंड आई मेंटेनेंस एंड ऑपरेशन जीआर-बी की टीम सिंक्रोनी, जिसमें मोहम्मद मुकराम कुरैशी (फैसिलिटेटर), गौरव बरुआ (लीडर) और गुंजन राभा शामिल थे, ने उसी दिन कोलकाता चैप्टर में थ्रस्ट बेयरिंग टेंपरेचर फेल्योर के कारण मिल्स की बार-बार अनुपलब्धता से निपटा, जिससे उन्हें स्वर्ण पुरस्कार मिला। ऑपरेशन जीआर-डी की टीम लक्ष्य, जिसमें आदित्य निवसरकर (फैसिलिटेटर), राम रतन बर्मन (लीडर), अनिमेष हलदर, गकुल कुमार राय और क्वामडवन बासुमतारी शामिल थे, उन्होंने 29 सितंबर 2024 को वाराणसी चैप्टर में बॉटम ऐश ओवरफ्लो टैंक के बार-बार ओवरफ्लो के लिए अपना समाधान प्रस्तुत किया, जिससे एक और स्वर्ण पदक हासिल हुआ।

एनटीपीसी में स्वच्छता पखवाड़ा और गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एनटीपीसी कोयला खनन/एनएमएल मुख्यालय, रांची में गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी। इस संदर्भ में, स्थानीय गैर सरकारी संगठन-शहरी खेती के सहयोग से सीएमएचक्यू/ एनएमएल के कर्मचारियों के लिए अपशिष्ट पृथक्करण पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गयी। कार्यशाला में एक लाइव, इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्तर पर अपशिष्ट पृथक्करण के मूल सिद्धांतों को समझने में मदद करना था, तथा उन्हें ठोस बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाना था।

इसके अलावा, स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 सितंबर, 2024 को बजरा हाई स्कूल, रांची में आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भारतीय रेल

भारत सरकार

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 — नई दिल्ली, दिनांक : 01.10.2024

शुद्धिपत्र -XI

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 06.11.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 04.10.2024 को स्थगित कर 06.11.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

3044/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि **राजनीतिक दल झारखण्ड युवा विकास पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय **टंडवा, गढ़वा** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951, की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है– पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए हैं :

सभापति/अध्यक्ष : **जागृति,** ग्राम-मुरमा कला, रामगढ़, झारखण्ड
महासचिव/सचिव : **विनय कुमार दुबे,** ग्राम-बरिगांवा, विश्रामपुर, पलामू
कोषाध्यक्ष : **विजय कुमार,** ग्राम- पतिला, पोस्ट-कांडी, जिला-गढ़वा

यदि किसी को झारखण्ड युवा विकास पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

1. **ई– नीलामी सूची:** पे एंड यूज शौचालय **ई–नीलामी सूची सं.:** पीएनयू–43– 24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 14.10.2024 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** धनबाद स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (आरक्षण कार्यालय के सामने) में प्री–फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षों के लिए।

2. **ई– नीलामी सूची:** पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं.:** पार्किंग–39–24 **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 15.10.2024, 15.00 बजे से **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर डीएवी स्कूल से धनबाद रेलवे स्टेशन के अंडर पास (एलएचएस) तक पहुंच मार्ग के बगल में/सटा हुआ 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड।
वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर अंडर पास (एलएचएस) से पुराना बाजार के संपर्क मार्ग के बगल में धनबाद रेलवे के मंदिर तक 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड

3. **ई– नीलामी सूची:** पार्सल स्कैनर। **ई–नीलामी सूची सं.:** एमआईएससी – पीएस–डीएचएन –8, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 15.10.2024, 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** 05 वर्षों के लिए धनबाद, बरकाकाना, गढ़वा रोड, डालटनगंज, गोमो, कोडरमा, चोपन, सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर स्थित (पार्सल कार्यालय) में सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन के लिए ई–नीलामी।

4. **ई– नीलामी सूची:** बैटरी ओपरेटेड कार्ट। **ई–नीलामी सूची सं.:** बीओसी– डीएचएन–2–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 16.10.2024, 15.00 बजे से। **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** धनबाद रेलवे स्टेशनों के PF–01 से सर्कुलेटिंग एरिया तक बैटरी ओपरेटेड कार्ट की बॉडी पर विज्ञापन के साथ भुगतान के आधार पर यात्रियों को ले जाने के लिए बैटरी ओपरेटेड कार्ट की आपूर्ति, संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षों के लिए।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।
रेल प्रशासन के पास किसी /समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

पीआर/01236/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24–25/80

एनटीपीसी माइनिंग ने 2024-25 की पहली छमाही में शानदार प्रदर्शन किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी माइनिंग ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 19 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन करके शानदार प्रदर्शन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 20% की वृद्धि दर्ज करता है और एनटीपीसी के बिजली स्टेशनों को लगभग 16% की वृद्धि के साथ 19.7 एमएमटी कोयला भेजा है। झारखंड के हजारीबाग क्षेत्र में बहुत भारी वर्षा के बावजूद, जहाँ एनटीपीसी की अधिकांश कोयला खदानें स्थित हैं, कंपनी ने वित्त वर्ष 24-25 की दूसरी तिमाही में 9.30 एमएमटी उत्पादन दर्ज किया है, जबकि वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही में 7.45 एमएमटी उत्पादन हुआ था।

कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार

सूचना

दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 518 दिनांक 21.08.2024 के कण्डिका संख्या–09 में लिये गये निर्णयानुसार जिला परिषद के द्वारा बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में बस पडाव बरवाडीह के खाली भूमि पर 26 अदद दूकानों का निर्माण कराया जाना है। जिला परिषद की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित कर इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र प्राप्त कर निविदा आमंत्रण कर दूकान का निर्माण कराया जाना है।

जिला परिषद कार्यालय, लातेहार से मो0 500/–(पांच सौ) रूपये मनी रसीद के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक का बैंक ड्राफ्ट जमा कर आवेदन का विहित प्रपत्र एवं अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है:–

दूकान निर्माण एवं आवंटन के संदर्भ में निम्नलिखित शर्ते निर्धारित है:–

1. लॉटरी के द्वारा दूकाने आवंटित की जायेगी, जिसे सभी आवेदकों को स्वीकार करना अनिवार्य होगा। अस्वीकार करने पर सिक्यूरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी तथा वे दूकान आवंटन के मामले में अयोग्य हो जायेंगे।
2. सभी 26 दूकानों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हो जाने के उपरांत दूकान निर्माण निविदा आमंत्रित कर संवेदक के माध्यम से स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार दूकानों का निर्माण कार्य कराया जाएगा।
3. दूकान के आवंटन हेतु लॉटरी निकालने की तिथि का निर्धारण **अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार** की सहमति से किया जायेगा।
4. आवेदन पत्र के साथ सिक्युरिटी मनी के रूप में मो0 10,000.00 (दस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो Refundable होगा जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में सचिव, जिला परिशद के नाम से भुगतेय होगा। लॉटरी के पश्चात तीन दिनों के अन्दर शेश प्राक्कलित राशि दूकान कमांक 01–17 के लिए मो0 1,45,000.00 रूपये तथा दूकान कमांक 18–26 तक के लिए मो0 1,66,000.00 रूपये बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा अन्यथा आवंटन रद्द कर दिया जायेगा तथा सिक्युरिटी मनी जब्त कर लिया जायेगा। साथ ही साथ आवंटियों/लाभूकों को इन शर्तो की स्वीकार्यता के बारे में एक शपथ पत्र देना होगा।
5. प्राक्कलन के शिड्यूल दर में वृद्धि होने पर अर्थात भविष्य में दूकानों के निर्माण के कम में प्राक्कलित राशि बढ़ जाने पर बढ़ी हुई राशि जिला परिषद कार्यालय में लाभूकों/आवंटियों को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा ताकि निर्माण कार्य पूर्ण हो सके।
6. आवंटियों/लाभूकों को जिस जमीन पर दूकान भवन का निर्माण कर उपलब्ध कराया जायेगा उसपर आवंटियों को कोई स्वत्व (टाईटल) का अधिकार प्राप्त नहीं होगा बल्कि सर्वदा के लिए उक्त भूमि एवं दूकान जिला परिषद, लातेहार की रहेगी।
7. अन्तिम रूप से चयनित आवंटियों को सिक्यूरिटी मनी/दूकान बनाने हेतु जमा की गई प्राक्कलित राशि किसी भी अन्य कारण वापस नहीं की जायेगी।
8. आवंटियों/लाभूकों के बीच किसी प्रकार के विवाद होने की स्थिति में विवादित मामले का समाधान **अध्यक्ष, जिला परिषद, लातेहार** की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा किया जायेगा, जिसके अन्य सदस्य, सचिव, जिला परिषद, लातेहार तथा जिला अभियंता, लातेहार होंगे।
9. आवंटियों/लाभूकों को दूकान निर्माण कर अंतिम रूप से हस्तांतरण करने की तिथि से निर्धारित किराया की आधी राशि प्रत्येक माह मनी रसीद के द्वारा जिला परिषद, लातेहार के कार्यालय में नकद भुगतान करना होगा, शेष आधी राशि जमानत की राशि तथा दूकान निर्माण के लिए जमा राशि से समायोजित किया जाएगा। मासिक किराया का निर्धारण विभागीय प्रावधानुसार अनुमण्डल पदाधिकारी–सह– किराया निर्धारण पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा।
10. आवेदकों का यह उत्तरदायित्व होगा कि विहित आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं अंतिम रूप से आवेदन जमा करने संबंधी प्राप्ति रसीद/मनी रसीद जिला परिषद कार्यालय से अवश्य प्राप्त कर लेंगे।
11. आवेदन पत्र की बिक्री दिनांक 07/10/2024 से प्रारम्भ होगी।
12. आवेदकों से दूकानों के आवंटन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जिला परिषद कार्यालय में प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 08/10/2024 अपराहन् 05:00 बजे तक होगी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निर्गत इस सूचना में किसी भी प्रकार के अंशिक संशोधन, स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लातेहार

PR 337711 Rural Development(24-25)#D

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**